दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 39
कोटद्वार मंगलवार
30 मई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं

दैनिक जयन्त

www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये


## पीएम का 9 साल का कार्यकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहा: सीएम

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को राजपुर रोड स्थित होटल में मीडिया से संवाद करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की 09 साल की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में यह 09 साल का कार्यकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के हर वर्ग के लोगों के लिए उनके नेतृत्व में योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक पटल पर अलग पहचान बनी है। विदेश यात्राओं में जिस तरह उनका सम्मान होता है, यह हर एक भारतीय का सम्मान है। आज पूरी दुनिया भारत को नई आशाओं के रूप में देख रही है।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का देवभूमि उत्तराखण्ड से विशेष लगाव है। उनके मार्गदर्शन में पिछले 09 सालों में उत्तराखण्ड में हर क्षेत्र में तेजी से कार्य हुए हैं। भारत माला परियोजना, ऑल वेदर रोड, रेल कनेक्टिविटी, शिक्षा, चिकित्सा, इन्फ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी के क्षेत्र में राज्य में तेजी से कार्य हुए हैं। केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्य पर तेजी से कार्य चल रहा है। बद्रीनाथ में मास्टर प्लान के तहत कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपना हर क्षण देश सेवा के लिए समर्पित किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में सरकार का पूरा ध्यान विकास के नवरत्नों पर है। इसमें पहला रत्न– केदारनाथ–बद्रीनाथ धाम में 1300 करोड़ रुपए से पुनर्निर्माण का कार्य, दूसरा रत्न– ढाई हजार करोड़ रुपए की लागत से गौरीकुण्ड–केदारनाथ और गोविंदघाट–हेमकुण्ट साहिब रोपवे का कार्य, तीसरा रत्न– कुमायूं के पौराणिक मंदिरों को भव्य बनाने के लिये मानसखण्ड मंदिर माला मिशन का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत पहले चरण में 16 मन्दिरों को शामिल किया गया है। चौथा रत्न– पूरे राज्य में होम स्टे को तेजी से बढ़ावा दिया जाना।

पांचवा रत्न– राज्य में 16 ईको टूरिज्म डेस्टिनेशन का विकास, छठा रत्न– उत्तराखंड में स्वास्थ्य सेवाओं का तेजी से विस्तार, उधमसिंह नगर में एम्स का सेटलाइट सेंटर भी बनाया जा रहा है। सातवां रत्न– करीब 2 हजार करोड़ रुपए की लागत वाली टिहरी लेक डेवलपमेंट परियोजना के कार्य किये जा रहे हैं। आठवां रत्न– ऋषिकेश–हरिद्वार का एडवेंचर टूरिज्म और योग की राजधानी के रूप में विकास किया जा रहा है और नौवा रत्न– टनकपुर–बागेश्वर रेल लाइन इस पर भी जल्द काम शुरू हो जाएगा।

केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की पिछले 09 सालों की उपलब्धियों पर विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने गरीबों की सेवा, वंचितों का सम्मान, नारी सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी इन्फ्रास्ट्रक्चर, तकनीकि के विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं अन्य अनेक क्षेत्रों में सराहनीय कार्य किये।

पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज, 11.88 करोड़ लोगों को नल से जल, स्वच्छ भारत अभियान के तहत 11.72 करोड़ शौचालयों का निर्माण किया गया और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया गया। देश में 48.27 करोड़ जन–धन खाते खोले गये, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 03 करोड़ से अधिक आवास दिये गये। देश में 37 करोड़ आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट बने हैं। पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से 11 करोड़ से अधिक किसानों को 6000 रूपये सालाना दिये जा रहे हैं। सभी को सस्ती एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। कोविड काल में भारत ने दो स्वदेशी वैक्सीन बनाई, इससे भारतवासियों के अलावा अन्य देशों की मदद भी की गई। सड़क, रेल, हवाई कनेक्टिविटी का देश में तेजी से विस्तार हुआ। स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने में हर क्षेत्र में तेजी से कार्य हुए।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल, विधायक विनोद चमोली, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, भाजपा के महामंत्री संगठन अजेय कुमार, अश्विनी त्यागी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### हाईटेंशन तार की चपेट में आए मजदूर, 8 की मौत– पोल लगाते समय हुआ हादसा

धनबाद एजेंसी,। झारखंड के धनबाद में हाईटेंशन तार की चपेट में आकर 8 मजदूरों की मौत हो गई, वहीं कई गंभीर रूप से घायल हैं। मिली जानकारी के मुताबिक सभी मृतक मजदूर हैं जो धनबाद और गोमो स्टेशन के बीच निश्चितपुर रेल फाटक के पास पोल लगाने का काम कर रहे थे। पोल लगाने के दौरान ये सभी 25 हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार की चपेट में आ गए। घायलों में कई लोगों की स्थिति नाजकु बनी हुई है और मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है।हादसे के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक धनबाद रेल मंडल के हावड़ा–नई दिल्ली रूट में धनबाद–गोमो स्टेशन के बीच निश्चितपुर रेल फाटक के पास पोल लगाने का काम किया जा रहा था। यह कतरास रेलवे स्टेशन से महज 1 किमी की दूरी पर है। यहां पोल लगाने के दौरान रेलकर्मी 25000 वोल्ट के हाईटेंशन तार की चपेट में आ गए और जान गंवा बैठे। हादसे के बाद रेल परिचालन पर भी असर हुआ है।

### अंतरिक्ष में एक और बड़ी कामयाबी, इसरो ने लॉन्च किया नैविगेशन सैटेलाइट एनवीएस

श्रीहरिकोटा एजेंसी,। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नाम एक और उपलब्धि दर्ज हो गई है। संगठन ने आज यानी सोमवार एजेंसी को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से नैविगेशन सैटेलाइट एनवीएस 01 लॉन्च किया। स्वदेशी जीएसएलवी रॉकेट की मदद से इसका प्रक्षेपण किया गया। बता दें कि एनवीएस–01 भारत के नाविक सैटेलाइट सीरीज का पहला सैटेलाइट है।

इसरो ने जीएसएलवी एफ12 रॉकेट के जरिए इस सैटेलाइट को लॉन्च पैड नंबर 2 से लॉन्च किया। लॉन्च के बाद इसरो चीफ डॉ. एस सोमनाथ ने कहा, 'हम सात पुराने एनवीएएलसी सैटेलाइट के सहारे काम चला रहे थे लेकिन उनमें से भी सिर्फ 4 ही काम कर रहे हैं। तीन खराब हो चुके हैं। अगर हम इन तीनों को बदलते तो बाकी के चार भी खराब हो जाते इसलिए हमने 5 नेक्स्ट जेनेरेशन एनएवीएलसी सैटेलाइट एनवीएस छोड़ने का फैसला किया। इसरो ने कहा कि प्रक्षेपण के करीब 20 मिनट बाद, रॉकेट लगभग 251 किमी की ऊंचाई पर भू–स्थिर स्थानांतरण कक्षा (जीटीओ) में उपग्रह को स्थापित करेगा। एनवीएस–01 अपने साथ एल1, एल5 और एस बैंड उपकरण ले जाएगा। पूर्ववर्ती की तुलना में, दूसरी पीढ़ी के उपग्रह में स्वदेशी रूप से विकसित रुबिडियम परमाणु घड़ी भी होगी।

### तिहाड़ जेल में फिर खूनी खेल, चाकू से कैदी पर किए ताबड़तोड़ हमले

नई दिल्ली एजेंसी,। दिल्ली के तिहाड़ जेल में आज एक बार फिर से दो कैदियों के बीच मारपीट हो गई। एक कैदी ने दूसरे पर ताबड़तोड़ चाकू और खपरैल से हमला कर दिया। दोनों समूहों के सदस्यों को गंभीर चोटें आईं जिन्हें अस्पताल दाखिल करवाया गया है।

तिहाड़ जेल से जुड़े अधिकारी ने बताया कि सेंट्रल जेल नंबर 1 में दो गुटों के दो कैदियों के बीच मारपीट हो गई। जानकारी के अनुसार, सोमवार यानी एजेंसी को दोपहर करीब 12.38 बजे सेंट्रल जेल नंबर–1, तिहाड़ (वार्ड नंबर–2) में कुछ कैदियों ने राहुल उर्फ पवन पर ताबड़तोड़ चाकू और हाथ से बनी सूआ और खपरैल से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। हमलावरों में शामिल कैदी आलोक ने घटना के बाद खुद को चोटिल कर लिया।

## गंगा दशहरा : 4 सुपर जोन, 16 जोन व 37 सेक्टर में बंटा हरिद्वार मेला क्षेत्र, 764 जवान और पीएसी रहेगी तैनात

हरिद्वार । गंगा दशहरा और निर्जला एकादशी स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। मेला क्षेत्र को चार सुपर जोन और 16 जोन, 37 सेक्टर में बांटा गया है। मेला क्षेत्र में 764 पुलिस अधिकारी–कर्मचारी और चार पीएसी की कंपनी, दो बीडीएस, दो फायर यूनिट, फ्लड कंपनी की तैनाती की गई है। एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह को नोडल अधिकारी मनोनीत किया गया है।

सोमवार को ऋषिकुल ऑडिटोरियम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने गंगा दशहरा और निर्जला एकादशी स्नान मेला को लेकर पुलिस बल को ब्रीफ किया। एसएसपी अजय सिंह ने कहा कि बदलते मौसम को देखते हुए मेले में नियुक्त प्रत्येक जवान अपने साथ बरसाती और पानी की बोतल रखेगा। गर्मी होने पर डिहाइड्रेशन से बचने के लिए ग्लूकोज, ओआरएस भी रखेंगे। ड्यूटी प्वॉइंट पर पहुंचने से पूर्व प्रत्येक



जवान अपनी ड्यूटी की अच्छे से जानकारी कर ले।

ट्रैफिक प्लान की जानकारी सभी को होनी चाहिए। प्लान के संबंध में कोई भी असमंजस की स्थिति होने पर बेझिझक अपने उच्चाधिकारी से पूछें। मेले के दौरान फैलने वाली अफवाह अक्सर बड़ी दुर्घटना का कारण बनती है। उन्हें रोकने के लिए सादे वस्त्रों में तैनात पुलिस कर्मी, एलआईयू, चेतक/मोबाइल वाहन क्षेत्र में निगरानी रखें।

एसएसपी ने कहा कि हर की पैड़ी, मनसा देवी और चंडी देवी मंदिरों में भीड़ का दबाव अधिक रहता है। फोर्स घाटों को निरंतर खाली कराते हुए श्रद्धालुओं को सही तरीके से बाहर निकालने के लिए सजग रहें। जिससे भगदड़ की संभावना न बने। ड्यूटी के दौरान केवल आवश्यक कार्य के लिए ही मोबाइल फोन का प्रयोग किया जाए।

**ये पुलिसकर्मी स्नान में होंगे तैनात** एएसपी चार, सीओ– 14, निरीक्षक, एसओ– 17, एसआई–44, एलएसआई 18, एएसआई 37, हेड कांस्टेबल 56, कांस्टेबल 189, एलसी 75, टीआई एक, टीएसआई सात, हेड कांस्टेबल 14, कांस्टेबल 40, प्रशिक्षु एसआई 135 एवं हेड कांस्टेबल 131, बीडीएस/डॉग स्क्वायड की दो टीम, फायर यूनिट दो, फ्लड़ कंपनी एक प्लाटून, पीएसी चार कंपनी, दो प्लाटून की तैनाती की गई है।

### बिगड़ा मौसम, उंच्चाई वाले इलाकों में बारिश–ओलावृष्टि और बर्फबारी, मैदान में चली आंधी

**देहरादून** । उत्तराखंड में सोमवार शाम को मौसम ने करवट बदली। चमोली जिले और यमुनोत्री धाम में मूसलाधार बारिश हुई। वहीं, उंच्चाई वाले इलाकों में बारिश–ओलावृष्टि और बर्फबारी से ठंडक बढ़ गई है। मसूरी में बारिश के साथ जमकर ओले पड़े। उधर, मैदानी इलाकों में धूलभरी आंधी चली।

उत्तराखंड के उंच्चाई वाले इलाकों में आज (सोमवार) बारिश व ओलावृष्टि की आशंका है। जबकि, मैदानी इलाकों में कुछ जगहों पर बारिश और गर्जना हो सकती है। मौसम विभाग ने आज के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके अलावा इन इलाकों में तेज गर्जना के साथ 70 किलोमीटर की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चल सकती हैं।

## पद के लिए बेचा जमीर

### नए संसद भवन के उद्घाटन में हरिवंश को देख भड़के जेडीयू प्रवक्ता

**पटना, एजेंसी।** नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह का शामिल होना जदयू को बुरी तरह खल रहा है। जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने हरिवंश को भटका हुआ बताया। साथ ही कहा कि उन्होंने नैतिकता और पत्रकारिता लेखनी भाजपा के सामने बेच दी। उन्होंने कहा कि अब पार्टी का नेतृत्व तय करेगा कि उन पर क्या कार्रवाई की जानी चाहिए। अब पार्टी की ओर से कहा गया कि ज्यादा नोटिस करने की जरूरत नहीं है।



नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह में उपसभापति हरिवंश उन तीन लोगों में शामिल थे, जो मंच पर बैठे थे। मंच पर बैठने वालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और उपसभापति हरिवंश शामिल थे। उद्घाटन समारोह में हरिवंश ने सबसे पहले भाषण दिया और नए संसद भवन की खूबियों के बारे में बताते इसे ऐतिहासिक इमारत बताया। जदयू को यह बात बुरी तरह खल गई है। इसी का नतीजा है कि जदयू के नेता उन पर हमलावर नजर आ रहे हैं।

हरिवंश पर हमला बोलते हुए नीरज कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार ने उन्हें जदयू की ओर से दो–दो बार राज्यसभा भेजा, लेकिन उन्होंने अपनी नैतिकता बेच दी। नीरज ने कहा कि वे कहां थे और कहां पहुंच गए, ये सब नीतीश कुमार की देन है। उन्होंने ने ही हरिवंश को राज्यसभा भेजा और आपने पद के लिए बौद्धिकता, पत्रकारिता और यहां तक कि जमीर भी बेच दिया।इसके जवाब में नीरज बताते हैं कि जब पार्टी और पार्टी नेतृत्व ने तय कर लिया कि आपके सभापति कार्यक्रम में नहीं जा रहे हैं। उन्हें नहीं बुलाया गया। इस पर पार्टी नेतृत्व क्या कार्रवाई करेगया, यह उस पर निर्भर करता है, लेकिन अपने राजनीति करियर में आपने जो गुनाह किया है, वो आने वाली पीढ़ी की कसक रहेगी।

बता दें कि जब नीतीश कुमार ने भाजपा का साथ छोड़ा था, तभी से कयास लगाए जा रहे थे कि अब हरिवंश भी राज्यसभा में उपसभापति के पद से त्यागपत्र दे देंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जदयू ने जब राजद से दोबारा हाथ मिलाया और नीतीश के नेतृत्व में सरकार बनाई तो पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने एक बड़ा खुलासा किया। उन्होंने बताया कि साल 2017 में नीतीश ने किसके कहने पर राजद का साथ छोड़ा था। ललन सिंह ने आरसीपी सिंह , संजय झा का नाम बताया। तीसरे शख्स के तौर पर कहा कि वे पत्रकार हैं और फिलहाल, राष्ट्रपति के सलाहकार बने हुए हैं। तब यह अनुमान लगाया गया था कि नीतीश और हरिवंश के बीच रिश्ते ठीक नहीं हैं।

### बृजभूषण पर दर्ज मामले में नाबालिग के चाचा ने की प्रेसवार्ता, कहा

## भतीजी का हुआ गलत इस्तेमाल

**रोहतक (हरियाणा), एजेंसी।** कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण श्रण सिंह पर लगे यौन शोषण के आरोपों के मामले में बड़ा मौड़ आ गया है। जिस नाबालिग लड़की के नाम पर पोक्सो की धारा मामले में जोड़ी गई है, उसके चाचा ने रोहतक में प्रेस वार्ता कर गंभीर आरोप लगाए हैं। रोहतक के महाराजा होटल में पत्रकारों से बातचीत में लड़की के चाचा ने अपने बड़े भाई को बहकाने व भतीजी का गलत प्रयोग करने का आरोप लगाया। बोले कि लड़की बालिग है।

उन्होंने कहा कि मेरे घर पर पुलिस ने पूछताछ की तो मामले का पता लगा। उन्होंने कहा कि उसकी भतीजी नाबालिग नहीं है। जंतर–मंतर पर चल रहे धरने को उन्हों गलत करार दिया। कहा कि पंजाब के पहलवानों ने खेल सजाया है। साथ ही भतीजी का मृत प्रमाण पत्र बनवाने का आरोप लगाया है।

भारतीय पहलवान 18 जनवरी को पहली बार दिल्ली के जंतर मंतर में धरने पर बैठे थे। पहलवानों ने भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण के आरोप लगाए थे। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने पहलवानों के साथ बात की और 21 जनवरी के दिन धरना खत्म कर दिया गया। बृजभूषण को कुश्ती संघ के कामकाज से अलग कर दिया गया और उनके खिलाफ लगे आरोपों पर जांच के लिए समिति बना दी गई।

अप्रैल तक जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट जारी कर दी, लेकिन रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया गया। ऐसे में पहलवान 23 अप्रैल को फिर जंतर मंतर में धरने पर बैठ गए। पहलवानों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। इसके बाद बृजभूषण के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने दो एफआईआर दर्ज की। एक एफआईआर पाक्सो एक्ट के तहत दर्ज की गई।

पहलवान बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे और प्रदर्शन जारी रखा। वहीं, बृजभूषण खुद को निदोष बताते रहे। 28 मई के दिन नए संसद भवन के उद्घाटन के दौरान पहलवानों ने मार्च करने की कोशिश की। तभी पुलिस ने पहलवानों को हिरासत में ले लिया। जंतर मंतर से उनका सामान हटा दिया गया और रात तक सभी पहलवानों को छोड़ दिया गया। कई पहलवानों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हुई है।

### कर्नाटक में मैसूर के पास भीषण सड़क हादसा, 10 की मौत

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में एक कार और बस की टक्कर में दो बच्चों सहित दस लोगों की मौत हो गई। घटना मैसूर के पास तनरसिंहपुरा की है। इनोवा कार में सवार लोगों में से एक बाल–बाल बच गया और उसका इलाज चल रहा है। बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कार में शव फंसे हुए हैं।

पुलिस दुर्घटनास्थल पर है। मैसूर की पुलिस अधीक्षक सीमा लतकर ने बताया कि तिरुमकूडलु–नरसीपुर के पास एक निजी बस और एक कार के बीच भिड़ंत हुई है।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री र्रीर्ष्ट्ट ने मुख्यमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिवारों को मुआवजे के रूप में 2 लाख रुपये देने की घोषणा की है। साथ ही संबंधित अधिकारियों को तिरुमकुदलु–नरसीपुरा, मैसूर के पास सड़क दुर्घटना में घायलों के लिए उचित इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मैसूर के तिरुमकुदलु–नरसीपुरा के पास सड़क दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया।

वहीं पीएमओ ने ट्वीट कर जानकारी दी कि, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मैसूर में जान गंवाने वालों के परिजनों के लिए पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। साथ ही घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।"

### दिल्ली में दिल दहला देने वाला मर्डर

## युवक ने नाबालिग लड़की पर चाकू से किए 30 वार, हत्यारा बुलंदशहर से गिरफ्तार

**नई दिल्ली , एजेंसी।** देश की राजधानी दिल्ली में सनसनीखेज वारदात सामने आई है। दिल्ली के शाहबाद डेरी इलाके में एक युवक ने नाबालिग लड़की की चाकू से गोदने के बाद पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को बुलंदशहर से गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, बाहरी उत्तरी जिले के शाहबाद डेयरी पुलिस थाना इलाके में यह वारदात हुई। आरोपी युवक की पहचान साहिल पुत्र सरफराज के रूप में हुई है। शुरुआती जानकारी मिली है कि आरोपी साहिल और लड़की के बीच कहासुनी होती है। इसके बाद आरोपी साहिल लड़की को गली में रोक लेता है। कुछ ही सेकंड बाद आरोपी साहिल लड़की पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला करना शुरू कर देता है।

सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि आरोपी साहिल लड़की को चाकू से लगातार गोद रहा है, गली में लोग उसके पास से आते–जाते दिखाई दे रहे हैं, लेकिन किसी ने भी बीच बचाव करने की जहमत नहीं उठाई। आरोपी साहिल ने लगातार 30 से अधिक बार चाकू से वार किए।



इसके बाद उसने कई बार पत्थर से मारा। इसके बाद मौके से भाग गया। घायल लड़की को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मुखबिर ने बीट स्टाफ को नाबालिग युवती की हत्या की जानकारी दी। साथ ही पुलिस टीम को तुरंत घटनास्थल पर बुलाया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस पड़ताल में नाबालिग लड़की की पहचान हो गई है। मृतका ई–36 जेजे कॉलोनी के रहने वाले थी।

पुलिस के अनुसार, साहिल और नाबालिग लड़की के बीच संबंध थे, लेकिन रविवार को दोनों के बीच विवाद हो गया। जब लड़की अपनी सहेली के बेटे के जन्मदिन में जा रही थी तो इसी दौरान साहिल ने उसे गली में रोक लिया। दोनों के बीच कहासुनी हुई। इसके बाद आरोपी साहिल ने उस पर ताबड़तोड़ चाकू से वार कर दिए। जब इतने में भी मन नहीं भरा तो आरोपी ने कई बार उस पर पत्थर उठाकर मारा। फिर लात भी मारी।

लड़की के पिता की तहरीर पर थाना शाहबाद डेयरी में आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

घटना पर दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने ट्वीट किया कि दिल्ली के शाहबाद डेरी में एक नाबालिग मासूम गुड़िया को चाकू गोद–गोदकर मारा गया और उसके बाद पत्थर से उसे कुचल दिया गया। दिल्ली में दरिंदों के हौसले बुलंद हैं। पुलिस को नोटिस जारी कर रहे हैं। सब हदें पार हो गई हैं। मैंने अपने इतने वर्षों के करियर में इससे ज़्यादा भयानक कुछ नहीं देखा।

दिल्ली में हुए दिल दहला देने वाले हत्याकांड पर भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने भी ट्वीट किया है कि ये दर्दनाक हत्या दिल्ली में हो रही है एक और नाबालिग लड़की को कुचल कुचल कर मारा जा रहा है।

दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने घटना पर ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा कि यह खौफनाक हत्या देख कर रूह कांप उठी।

मैं दिल्ली के उपराज्यपाल को याद दिलाना चाहती हूं कि संविधान ने उन्हें दिल्ली के लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी है। परंतु वे अपना सारा समय अरविंद केजरीवाल के काम रोकने में लगाते हैं। मेरा छॅ साहब से हाथ जोड़ कर निवेदन है कि दिल्ली की महिलाओं की सुरक्षा पर ध्यान दें। आज दिल्ली में महिलाएं बिलकुल भी सुरक्षित नहीं हैं।

# जनता दरबार में 14 शिकायतों का मौके पर निस्तारण



नई टिहरी। सीडीओ मनीष कुमार ने जिला सभागार में आयोजित जनता दरबार में जनता की शिकायतों को सुनते हुए 14 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। शिकायतों से सम्बंधित अधिकारियों को तय समय के भीतर जनता की शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनता दरबार में ग्राम कुल्पी अखोड़ीसेरा तहसील गजा के निवासियों ने विगत दिनों वर्षा और दैवीय आपदा से मकान को हुई क्षति का मुआवजा देने की मांग की। ग्राम छाती नकोट के ग्रामवासियों ने छाती मोल्ठा मोटर मार्ग निर्माण में निकले पत्थरों को बिना अनुमति के बेचे जाने की शिकायत की। जिस पर सीडीओ ने एसडीएम नरेन्द्रनगर और एसडीएम टिहरी को प्रकरणों में नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। ग्राम रणकण्डियाल कीर्तिनगर की विनीता पटवाल ने रोजगार दिलाये जाने का अनुरोध किया। जिस पर बीडीओ कीर्तिनगर को मनरेगा एवं स्वयं सहायता समूह के तहत नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर अवगत कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम ताछला के बचन सिंह नेगी ने सड़क चौड़ीकरण के कारण बरसात में पानी व मलबे से भूमि व मकान को खतरा बताया, जबकि ग्राम मंज्याड़ी के सर्वेश्वर प्रसाद सेमवाल ने पीएम सड़क योजना के तहत बनी सड़क की दीवार (पुश्ता) के अधूरे निर्माण की शिकायत की।

## टिहरी के रविंद्र को गोल्ड मेडल जीतने पर बधाई दी

नई टिहरी। जवाहर लाल नेहरू स्टेडिम में आयोजित राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में 10 और 5 हजार मीटर दौड़ में टिहरी के थौलधार ब्लाक के ग्राम क्यारी के रविंद्र सिंह राणा (18 वर्ष) पुत्र भीम सिंह राणा ने गोल्ड मेडल जीता है। रविंद्र की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र व गांव में खुशी की लहर है। सामान्य परिवार और साधारण कृषक के बेटे की उपलब्धि से लोग खासे उत्साहित हैं। क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य (बंस्यूल) जयवीर सिंह रावत ने बताया कि बचपन में ही रविंद्र की मां की मृत्यु हो गई थी। रविंद्र को उसके दादा त्रेपन सिंह व दादी इलमा देवी ने पाला–पोषा है। बीते वर्ष दादी की भी लंबी बीमार के बाद मौत हो गई। रविंद्र ने तमाम परेशानी झेलने के बाद भी हिम्मत नहीं हारी। रविंद्र का चयन नेपाल में होने वाले अंतरराष्ट्रीय खेलों के लिए भी हुआ। लगातार खेलों में सक्रियता के चलते रविंद्र को यह उपलब्धि मिली है। दादा त्रेपन सिंह, पिता भीम सिंह राणा, अध्यापक सोबेंद्र सिंह रावत, ग्राम प्रधान रेशमा राणा, क्षेपंस गोपाल चमोली, मामा सुंदर सिंह, चैन सिंह, तेग सिंह, चंदन सिंह, विजय सिंह रावत, पूर्व प्रधान हुकुम दास, बचन दास, रामकृष्ण नौटियाल आदि ने रविंद्र को इस उपलब्धि के बधाई देते हुए खुशी जाहिर की है।

# डीएम अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में हुआ जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज जनसुनवाई में 112 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें अधिकतर मामले भूमि संबंधित रहे। इसके अतिरिक्त आपसी विवाद, आधार कार्ड में उम्र संशोधन, सड़कों के गढ्ढे ठीक करने, घरों में पानी घुसने, नालियों की मरम्मत करना, राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण हेतु अधिग्रहित भूमि का मुआवजा दिलवाने, बैंक लोन रिकवरी में समय देने आदि शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने भूमि फ्रॉड के प्रकरणों पर मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रकरणों पर समाधान हो सके इसकी निरंतर प्रयास जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है।



जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों एवं नगर निगम, एमडीडीए के अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि विवाद एवं अतिक्रमण की शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेकर मौका मुआवना कार्यवाही करें। साथ ही लोनिवि के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़कों के गढ्ढों की शिकायतों पर त्वरित संज्ञान में लेते हुए सड़क ठीक करें। उन्होंने अवैध प्लॉटिंग, अवैध निर्माण आदि एमडीडीए से संबंधित प्राप्त हो रही शिकायतों पर एमडीडीए के अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए।जनसुनवाई में बड़ोवाला में भूमि कब्जा करने, आरकेडियाग्राण्ट में बैंक द्वारा बंधक सम्पत्ति विक्रय करने सभावाला में भूमि का सीमांकन करने, ग्राम तौली तहसील विकासनगर भूमि का समतलीकरण करने की अनुमति की शिकायतों पर उप जिलाधिकारी विकासनगर को कार्यवाही के निर्देश दिए। सेरकी में आपदा ग्रस्त क्षेत्र में नियम विरूद्ध निर्माण के साथ ही अतिक्रमण किए जाने की शिकायतों पर सचिव एमडीडीए को निर्देशित किया। गायत्री एनक्लेव में कच्ची नहर खोलने एवं मरम्मत करने की शिकायतों पर लघु सिंचाई के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

**एक नजर**

### प्लास्टिक के दुष्प्रभाव बताए

रुड़की। आनंद स्वरुप आर्य सरस्वती विद्या मन्दिर में एनसीसी कैडेटों की प्लास्टिक से प्रदूषण, इसके दुष्प्रभाव और पर्यावरण रक्षा को लेकर गोष्ठी हुई। बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल रामाकृष्णन रमेश ने कहा कि विदेश से लाखों सैलानी सांस्कृतिक विरासत, संस्कृति और संस्कारों को जानने के लिए यहां आते हैं। इसलिए हम सबका कर्तव्य है कि अपने देश को स्वच्छ, सुन्दर और प्रदूषण रहित बनाने में सहयोग दें।

अपने घर, गली, मोहल्ले, गांव, शहर, विद्यालय, मन्दिर आदि सार्वजनिक स्थानों पर साफ–सफाई करके कर इसकी शुरुआत कर सकते हैं। प्रधानाचार्य अमरदीप सिंह ने एनसीसी कैडेटों को प्रदूषण के प्रकार, कारण और निवारण को लेकर जानकारी दी। इस दौरान कैडेट मयंक सिंह, विख्यात चौधरी, खुशी, रिषभ कुमार, अहाना, अर्शिया, वर्णिका, लक्ष्मी, छवि, गुनगुन त्यागी, बटालियन के कार्यालय अधीक्षक रवि कपूर, कैप्टन विशाल शर्मा, एनसीसी अधिकारी नीरज नौटियाल उपस्थित रहे।

### घर पर कब्जे की कोशिश, झूठे केस दर्ज कराए जा रहेः अरकेश सिंह

देहरादून। पूर्व पीएम वीपी सिंह की पोती और उड़ीसा के पूर्व मुख्यमंत्री आरएन देव सिंह के पोते अरकेश सिंह का परिवार विवाद लगातार गहराता जा रहा है। इसे लेकर सोमवार को अरकेश सिंह ने सुभाष रोड स्थित होटल में प्रेस वार्ता की।

इसमें उन्होंने पति और उनके परिवार के लोगों पर सवाल खड़े किए। कहा कि शादी के बाद उनकी और पत्नी के बीच अनबन शुरू हो गई। इस पर आपसी समझौते से तलाक लेने की बात दोनों पक्षों में हुई। अरकेश ने कहा कि तलाक होने तक पत्नी को राजपुर स्थित अपने पैतृक आवास में रहने को दिया गया है। आरोप है कि यहां पत्नी कम समय रही। पत्नी की बहन ऋचा, पत्नी के पिता ज्यादा समय रहते हैं। उन्होंने कहा कि सहारनपुर निवासी एक व्यक्ति ने अंद्रीजा की मसूरी स्थित पैतृक संपत्ति किराये पर लेकर रेस्टोरेंट खोला हुआ है। आरोप है कि वह उनके घर में आकर दखल देता है। उसने अंद्रीजा के कहने पर बिना उनकी अनुमति के मकान में तोड़फोड़ कराई। अपना आवास होने के बावजूद वह पुलिस को साथ लेकर ही महीने में एक–दो दिन बार ही कुछ देर के लिए अंदर जा पाते हैं।

अकेले जाने पर उन्हें पत्नी और उसका परिवार मुकदमों में फंसाने की धमकी देता है। उन्होंने कहा कि पत्नी पक्ष से उनके परिवार के खिलाफ एक केस में उनके पिता और बड़े भाई को झूठा आरोप बनाया गया है। जिस दौरान की घटना बताई गई, उस दौरान पिता हवाई यात्रा कर रहे थे और बड़े भाई उड़ीसा में जनसभा में थे। कहा कि इसी तरह विदेश में होने के बावजूद उनकी भाभी को आरोपी बनाया गया।

### गंगा दशहरा आज, कल होगा निर्जला एकादशी का व्रत

रुड़की। गंगा दशहरा पर्व मंगलवार को मनाया जाएगा। इससे अगले दिन बुधवार को निर्जला एकादशी का व्रत रखा जाएगा। धार्मिक मान्यता है कि त्रेता युग में महाराजा भगीरथ ने गंगा को स्वर्ग से धरती पर लाने के लिए कड़ी तपस्या की थी। उनका तप सफल होने के बाद ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर गंगा स्वर्ग से उतरकर भगवान महादेव की जटाओं से होती हुई धरती पर आई थी।

तभी से इस तिथि पर गंगा दशहरा पर्व मनाया जाता है। इससे अगले दिन बुधवार को निर्जला एकादशी का व्रत भी रखा जाएगा। लक्सर में सांई मंदिर के पुजारी पंडित अवनीश शर्मा के मुताबिक इस बार ज्येष्ठ माह शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि 29 मई रात 11.40 बजे से 30 मई दोपहर 1.07 बजे तक रहेगी।

# सीडीओ नरेश कुमार ने की विकास परक योजनाओं की समीक्षा

रुद्रप्रयाग। जिला सेक्टर, राज्य सेक्टर, केंद्र पोषित योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष–2022–23 के अंतर्गत पशुपालन विभाग एवं उद्यान विभाग द्वारा किए गए विकास परक योजनाओं की जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने विकास भवन सभागार में समीक्षा करते हुए किए गए कार्यों की संबंधित विभागीय अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।

बैठक में उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमल रावत ने जिला योजना के अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि जनपद में शेष दवा, वैक्सीन एवं शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें जनपद में संचालित 16 पशु चिकित्सालय एवं 40 पशु सेवा केंद्रों में दवा और वैक्सीन का क्रय के संबंध में इसके साथ ही दो चिकित्सालय एवं पशु केंद्रों के भवन निर्माण हेतु आवंटित की गई धनराशि के संबंध में ग्रामीण प्रसार कार्यक्रम के तहत पशु प्रदर्शनी का आयोजन, लाभार्थी रोजगार परक वैक्यार्ड कुक्कुट पालन, चारा विकास कार्यक्रम का सघनीकरण, दारिन्ता पद्धति पर बकरा सांडो, का वितरण/गोट वैली आदि योजनाओं की जानकारी दी गई तथा राज्य सेक्टर के अंतर्गत विकास खंड स्तरीय पशु चिकित्सालयों का संचालन, बकरी पालन योजना स्पेशल, भेड़ पालन योजना, बकरी पालन योजना सामान्य, गौ पालन योजना, महिला बकरी पालन, पैरावेट को कृतिम गर्भाधान योजना, पारजीवि कीटाणु से बचाव आदि योजनाओं के अंतर्गत किए गए कार्यों की प्रगति के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई गई। जिला उद्यान अधिकारी योगेंद्र सिंह चौधरी ने जिला योजना के तहत जानकारी देते हुए कहा कि अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों में



औद्यानिक विकास योजना जिसमें उद्यान विकास, आलू बीज वितरण, सब्जी प्रदर्शन तथा फल सब्जियों को सूखाकर प्रसंकरण करने की योजना में औद्यानिक प्रशिक्षण, प्लास्टि क्रेट्स/किल्टा वितरण/फल संरक्षण केंद्रों का सुदृढीकरण, उद्यानीकरण कार्य पर 50 प्रतिशत पर सिंचाई टैंक का निर्माण, सब्जी बीज वितरण, औद्यानिक औजार संयत्र वितरण तथा 60 प्रतिशत पर पौध सुरक्षा कार्य और निःशुल्क हाई सब्जी प्रदर्शन, जनपद स्तर पर विभागीय योजना का प्रचार–प्रसार, 80 प्रतिशत राज सहायता पर उन्नत नवीज प्रजाति के सेब स्पर प्रदर्शन, राजकीय उद्यानीकरणों का सुधारीकरण, पावर मशीनों का 30 प्रतिशत राजकीय सहायता, 80 प्रतिशत राज सहायता आदि योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही राज्य सेक्टर योजना के अंतर्गत चयनित राजकीय उद्यानीकरण का सुधारीकरण, पुराने उद्यानों का घेरबाड़, सामान्य व अनुसूचित जाति ग्रीन हाउस, पॉलीथीन बदलाव योजना और सघन बैमोसमी सब्जी उत्पादन, बर्मी कंपोस्ट निर्माण 75 प्रतिशत राज सहायता तथा मुख्यमंत्री संरक्षित खेती योजना के अंतर्गत पॉली हाउस निर्माण पर 30 प्रतिशत राज सहायता एवं मुख्यमंत्री एकीकृत बागवानी योजना के अन्तर्गत किए गए कार्यों के संबंध में अवगत कराया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने पशुपालन एवं उद्यान अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि उनके द्वारा जिला सेक्टर एवं राज्य सेक्टर के अंतर्गत जो भी कार्य किए गए हैं उन कार्यों का पूर्ण विवरण एवं लाभान्वित किए गए लाभार्थियों की संख्या एवं योजनाओं के फोटोग्राफ्स सहित उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि जो भी निर्माण किए जा रहे हैं उन निर्माण कार्यों को यथाशीघ्र गुणवत्ता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें इसमें किसी भी प्रकार से कोई विलंब न किया जाए। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संदीप भट्ट, अपर संख्याधिकारी सतेंद्र सैनी, डॉ. अमित सिंह आदि मौजूद रहे।

## पूर्व पीएम के बेटे और दो पोतियों पर एससी–एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज

देहरादून। पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह के बेटे और उनकी दो पोतियों के खिलाफ एससी एसटी ऐक्ट और गाली–गलौच के आरोप में केस दर्ज हुआ है। मुकदमा देहरादून के राजपुर थाने में दर्ज किया गया है। इसमें वीपी सिंह की पोती के ड्राइवर को भी आरोपी बनाया गया है।

पूर्व पीएम की पोती अंद्रीजा सिंह की शादी उड़ीसा के पूर्व मुख्यमंत्री आरएन सिंह देव के पोते अरकेश नारायण सिंह देव से 2017 में हुई थी। अरकेश सिंह उड़ीसा के बालागीर से पूर्व सांसद व मंत्री अनंग उदय सिंह देव के बेटे हैं। उनका एक घर देहरादून के राजपुर क्षेत्र में साईं मंदिर के पास है। 2019 से अंद्रीजा और अरकेश सिंह इसी मकान में रह रहे हैं। इनका पारिवारिक विवाद हाल में चर्चा में है। इसे लेकर कई मुकदमे पूर्व में दर्ज है। एसपी सिटी सरिता डोबाल ने बताया कि ताजा मुकदमा अरकेश परिवार की नौकरानी रविता झा की तरफ से दर्ज कराया गया है। इसमें पूर्व पीएम वीपी सिंह के बेटे अजय सिंह, अजय सिंह बेटी अंद्रीजा सिंह (अरकेश की पत्नी), अंद्रीजा की बहन ऋचा मंजरी सिंह और अंद्रीजा के ड्राइवर सोनू को आरोपी बनाया गया है। कोर्ट में पीड़िता ने कहा कि वह अरकेश के घर पर पिछले लगभग पांच वर्षों से काम करती हैं।

## शांति भंग की आशंका में चार पकड़े

रुड़की। भूमि विवाद को लेकर आपस में झगड़ा कर रहे चार लोगों को पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को सूचना मिली कि उदलहेड़ी निवासी कुछ लोग जमीन को लेकर झगड़ा कर रहे हैं। इससे गांव की शांतिभंग होने का खतरा है। सूचना पर उप निरीक्षक हाकम सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। जहां पर काफी भीड़ जमा थी। पुलिस ने लाठियां फटकार कर भीड़ को तितर–बितर किया। पुलिस ने मौके से दोनों पक्षों के चार लोगों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम पंकज पुत्र कुंवर पाल, रितिक पुत्र मेनपाल, शुभम पुत्र मेनपाल तथा मेनपाल पुत्र हरमल बताए गए हैं।

# 25 छात्र–छात्राओं को बालरत्न सम्मान

रुद्रप्रयाग। मिशन शिक्षण संवाद जनपद इकाई रुद्रप्रयाग द्वारा चतुर्थ शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी, छात्रवृति वितरण, बाल रत्न एवं उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह 2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कई छात्र–छात्राएं एवं शिक्षकों को सम्मानित किया गया। ब्लॉक सभागार अगस्त्यमुनि में हुए सम्मान समारोह में 25 छात्र छात्राओं को बालरत्न सम्मान, 10 छात्रों को राजीव नवोदय विद्यालय में चयनित होने तथा 10 छात्रों को राष्ट्रीय छात्रवृति परीक्षा उत्तीर्ण करने पर प्रत्येक को एक हजार की छात्रवृति प्रदान की गई।

इसके साथ ही 15 शिक्षकों को शिक्षा उन्नयन में बेहतर कार्य करने पर उत्कृष्ठ शिक्षक सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि डॉ. पीएस जगवाण ने कहा कि मिशन शिक्षण संवाद द्वारा किये जा रहे कार्य बहुत सराहनीय हैं। मिशन शिक्षण संवाद ने चुनौतीपूर्ण समय में भी श्रेष्ठ कार्य किए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीईओ विनोद प्रसाद सिमल्टी द्वारा सभी अतिथियों,



अभिभावकों, शिक्षक–शिक्षिकाओं से शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए सहयोग करने की अपील की तथा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। इससे पूर्व मिशन शिक्षण संवाद के मंडल प्रभारी माधवसिंह नेगी द्वारा मिशन शिक्षण संवाद की विस्तृत जानकारी दी। शिक्षक गिरीश बेंजवाल, हेमन्त चौकियाल, सुधांशु बेंजवाल, गिरीश बड़ोनी ने अपने संबोधन में मिशन शिक्षण संवाद के द्वारा छात्र हित में किये जा रहे नवाचारी कार्यक्रमों की सराहना करते हुये मिशन कर्मयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मंदिर के सामने खुली शराब की दुकान हटाने की गुहार

विकासनगर। तहसील क्षेत्र अंतर्गत कुंजा गांव में शिव मंदिर के सामने खुली अंग्रेजी शराब की दुकान को हटाने के लिए ग्रामीणों ने एसडीएम दरबार में गुहार लगाई है। सोमवार को ग्रामीण तहसील मुख्यालय पहुंचे औ एसडीएम को मामले में ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि साजिश के तहत उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि घनी आबादी के बीच शिव मंदिर के सामने शराब की दुकान खोल दी गई है। दुकान खुलने से पहले से ही ग्रामीण इसका विरोध कर रहे थे। मंदिर के सामने दुकान खुलने से श्रद्धालुओं को शाम को आरती करना भी मुश्किल हो जाएगी। कहा कि गांव में पहले से ही स्मैक, चरस, गांजा समेत अन्य नशीले पदार्थों की अवैध खरीद फरोख्त बड़े पैमाने पर होती है, अब शराब की दुकान खुलने से गांव का माहौल और अधिक बिगड़ने का खतरा पैदा हो गया है। शराब की दुकान खुलने से गांव की महिलाओं का सड़क पर निकलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने कहा कि मंदिर के सामने और आबादी



के बीच में शराब की दुकान का संचालन होने नहीं दिया जाएगा। बताया कि तीन दिन पूर्व प्रदर्शन कर शराब की दुकान को बंद करा दिया गया था, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। बावजूद अभी तक शराब की दुकान का संचालन बदस्तूर जारी है। ग्रामीणों ने एसडीएम से जल्द शराब ही दुकान को हटाने की मांग की है। तहसील मुख्यालय पहुंचने वालों में राजू, दीपक, सुखवीर, विनोद, इसरार, शेर अली, इरफान, वहीद, अलादीन, जग्गू, दयाचंद, संदीप, प्रदीप आदि शामिल रहे।

## जमीन की एवज में ऐंठे लाखों रूपये

ऋषिकेश। भट्टोवाला ग्रामसभा में प्लांटेशन में दो लागों ने जमीन की खरीदारी को लेकर एक महिला से लाखों रुपये ऐंठ लिए। पीड़िता को धोखाधड़ी का पता चला, तो वह शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंची। इसपर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जालसाजी की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक ममता देवी पत्नी भीम बहादुर निवासी चंद्रेश्वरनगर, ऋषिकेश ने तहरीर दी। बताया कि प्लांटेशन एरिया में 85 वर्ग गज जमीन का सौदा हुआ, इसकी एवज में चार लाख 40 हजार रुपये दिए। आरोप है कि राजेश पुत्र रामचंद्र व्यास और योगेश कुमार दोनों निवासी भट्टोवाला ने फर्जीवाड़ा कर रकम ऐंठ ली, लेकिन जमीन पर कब्जा नहीं दिया।

## माग्टी पोखरी–मरोग खेड़ा मोटर मार्ग की हालत सुधारी जाए

विकासनगर। ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत पीएमजीएसवाई कालसी द्वारा निर्मित माग्टी पोखरी–मरोग खेड़ा मोटर मार्ग जर्जर हालत में है। मार्ग पर जगह–जगह कटाव हो रखा है। जिससे आए दिन लोगों को दुर्घटना का डर सता रहा है। जिसको लेकर ग्रामीणों में विभाग के प्रति आक्रोश बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने पीएमजीएसवाई विभाग से शीघ्र मार्ग को ठीक करने की मांग की है। जौनसार बावर के जर्जर मार्ग के कारण आए दिनों दुर्घटनाएं होती रहती है। बावजूद मार्गों की हालत नहीं सुधारी जा रही है।जिसका जीता जागता उदारण माग्टी पोखरी– मरोग खेड़ा मार्ग है। जिसकी हालत इतनी खराब है कि यहां से गुजरने वालों के साथ कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है। ग्राम प्रधान डागुरा मीजान दास, प्रधान दोहा महावीर सिंह, संजीव चौहान, सुरेंद्र सिंह, महिपाल सिंह आदि का कहना है कि यह मार्ग लगभग पचास वर्ष पुराना है। कहा 2015 में पीएम जीएसवाई द्वारा तीन करोड़ की लागत से इसका निर्माण कराया गया था। लेकिन मार्ग निर्माण में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया। शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने कहा वर्तमान समय में यह मोटर मार्ग लोनिवि चकराता के अधीन है। वहीं मार्ग पर दशकों पूर्व बने पुल की हालत भी खराब है। कहा कि यह 14 किमी लंबा मोटर मार्ग माग्टी क्षेत्र के ग्रामीणों को सीधा साहिया मंडी से जोड़ता है। कहा कि बरसात में मार्ग और खराब हो सकता है।

## 20 जून को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

देहरादून। दून में पिछले 25 वर्षों से आयोजित भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा इस बार और भव्यता से होगी। रथयात्रा 20 जून को निकाली जाएगी। रथयात्रा आयोजन समिति ने तैयारियों को अंतिम रुप देने के लिए बैठक की। श्री राम मंदिर दीपलोक कॉलोनी में पंडित सुभाष चंद्र शतपति के सानिध्य में हुई बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस नेता सूर्यकांत धस्माना ने की। मंदिर समिति अध्यक्ष आरके गुप्ता ने बताया कि 4 जून को पूर्णिमा पर देव स्नान व कलश यात्रा का आयोजन होगा। जिसमें लगभग 108 महिलाएं कलश धारण कर श्री राधाकृष्ण मंदिर कृष्ण नगर चौक पहुंचेगी। यहां श्री श्री जगन्नाथ जी एवं परिवार को पवित्र गंगाजल से स्नान आदि करवा उनकी पूजा–अर्चना होगी। आचार्य सुभाष चंद शतपती ने बताया कि इस वर्ष 26 वीं यात्रा का आयोजन 20 जून को होगा। यात्रा से पूर्व मंदिर में प्रातः काल में प्रभु श्री जगन्नाथ जी परिवार की पूजा अर्चना के बाद उनको बड़े रथ में विराजमान किया जाएगा।

## हर जिले में होगी आपदा प्रबंधन की मॉक ड्रिल

देहरादून। मानसून की दस्तक के साथ ही सरकार ने आपदा प्रबंधन की तैयारी शुरू कर दी। सोमवार को आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव डॉ. रंजीत सिन्हा ने सचिवालय स्थित डीएमएमसी सभागार से तैयारियों की ऑनलाइन समीक्षा की। सचिव ने सभी डीएम को आपदा प्रबंधन की तैयारियों की परखने के लिए अनिवार्य रूप से मॉक ड्रिल करने के निर्देश दिए। आपदा के दौरान शासन से समन्वय के लिए हर जिले में एक वरिष्ठ अधिकारी को नोडल अफसर नियुक्त करने को भी कहा।

# प्रदेश और केन्द्र सरकार की नीतियों के चलते देश में अराजकता का माहौल : हीरा बिष्ट

ऋषिकेश। आगामी लोकसभा और निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी है। सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने थानो में बैठक की। उन्होंने संगठन के विस्तार और आगामी कार्यक्रमों को लेकर मंथन किया। सोमवार को रामनगर डांडा पंचायत घर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में पूर्व मंत्री हीरा सिंह बिष्ट ने कहा कि प्रदेश और केन्द्र सरकार की नीतियों के चलते देश में अराजकता का माहौल बना हुआ है और सरकार सभी स्तरों पर फेल रही है। केन्द्र सरकार ने भ्रष्टाचार मुक्त देश बनाने का झूठा सपना दिखाकर सरकार बनाई। कांग्रेस पार्टी हमेशा से दलित, गरीब,मजदूर, किसान वर्ग के साथ रही है व उनके हितों के लिए संघर्ष करना ही संगठन का लक्ष्य है।



कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि थानो न्याय पंचायत क्षेत्र में संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करना व आखरी पंक्ति के कार्यकर्ता को सम्मान देना हमारी प्राथमिकता में है।

## मेधावी विद्यार्थियों की माताओं को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** शांति वल्लभ मेमोरियल इंटर कॉलेज मानपुर में अमर देवी और प्यारी देवी निर्धन छात्रवृति प्रतियोगिता में कक्षावार प्रथम आने वाली छात्रा प्राची नेगी, परिधि नेगी, दिव्यांशी बेबनी, तनीषा भदोला, वैश्वनी, श्रुति, तनु, महक रावत, महक कंडवाल, ज़ोया, शिवांशी, सिमरन नेगी, प्रियांशी, मेघा भट्ट और गरिमा रावत को ढाई हज़ार की छात्रवृति प्रदान की गयी। वहीं मेधावी छात्र–छात्राओं की माताओं को कमला नेहरू पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन से किया गया। इसके बाद उपस्थित अतिथियों को विद्यालय के शिक्षकों द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि शिव प्रसाद कुकरेती और विशिष्ट अतिथि बृजभूषण सिंह रावत, गोदांबरी देवी और सेवानिवृत्त कैप्टेन सीपी डोबरियाल द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम का संचालन संगीता बिष्ट और कमलेश रावत द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

# मेडिकल कॉलेज की अनदेखी पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

### कहा आश्वासन के बाद भी भाजपा मेडिकल कालेज निर्माण को नहीं गंभीर



कोटद्वार में मेडिकल कालेज के लिए चयनित भूमि पर प्रदर्शन करते कांग्रेसी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः कलालघाटी में स्वीकृत मेडिकल कालेज का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने पर कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि सरकार ने मेडिकल कॉलेज निर्माण के नाम पर केवल जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। यदि जल्द मेडिकल कॉलेज निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो कांग्रेस जनता के साथ मिलकर आंदोलन चलाएगी।

सोमवार को पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी व महापौर हेमलता नेगी के नेतृत्व में कांग्रेसी मेडिकल कालेज के लिए चयनित भूमि पर पहुंचे। यहां कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। पूर्व काबीना मंत्री ने कहा कि वर्ष 2016 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने मेडिकल कालेज निर्माण के लिए 192 बीघा जमीन स्वीकृत की थी। इसके लिए बाकायदा भूमि के चारों ओर सुरक्षा दीवार व नलकूप का भी निर्माण करवाया गया था। लेकिन, प्रदेश की सत्ता बदलने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने उक्त मेडिकल कालेज निर्माण पर ध्यान नहीं दिया। नतीजा, देखरेख के अभाव में कांग्रेस की ओर से पूर्व में करवाए गए निर्माण कार्य भी बर्बाद हो गए हैं।

कहा कि जब तक सरकार मेडिकल कालेज निर्माण के लिए गंभीरता नहीं दिखाती, कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। जनता की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर पार्षद राकेश बिष्ट, पार्षद विवेक शाह, प्रेम सिंह रावत, तीरथ सिंह, महेंद्र सिंह, रमेश चंद्र सती, कृष्ण चंद्र अण्थ्वाल, विजयपाल, रघुवीर सिंह, प्रमोद बौंठियाल, रामप्रकाश, गिरीश चंद्र सहित कई अन्य मौजूद रहे।

## ताडकेश्वर की ग्रीष्मकालीन पूजा 31 को

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** बदलपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध सिद्धधाम ताड़केश्वर की ग्रीष्मकालीन पूजा 31 मई को सम्पन्न होगी।

रिखणीखाल एवं सतपुली तहसील के दर्जनों गांवों के लोगों की आस्था के केंद्र ताड़केश्वर धाम को तड़ासर बाबा के नाम से जाना जाता है। वर्ष में दो बार भव्यता के साथ पूजा की परंपरा रही है। ज्येष्ठ माह और असुज माह में सम्पन्न होने वाली पूजा के अवसर पर क्षेत्रवासी नई फसल की अग्याल अपने इष्टदेव तड़ासर को भेंट करने के उपरांत ही नई फसल का सेवन करते हैं। इस बार ज्येष्ठ माह की पूजा के लिए मंदिर के पुजारी पंडित वीरेंद्र सकलानी द्वारा 31 मई के मुहूर्त निश्चित किया गया है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया है। मंदिर समिति के अध्यक्ष रणवीर सिंह सजवाण, उपाध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह चौहान, सचिव चंद्रकांत द्विवेदी, कोषाध्यक्ष पंडित उमेशचंद्र खंतवाल ने सभी क्षेत्रवासियों से पूजा के साथ ही भंडारे में सम्मिलित होकर प्रसाद ग्रहण करने का अनुरोध किया है।

## दो सौ मीटर दौड़ में प्रियांशु व प्रियांशी रही अव्वल



विद्यालय में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज जानकीनगर में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान दो सौ मीटर दौड़ में प्रियांशु व प्रियांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आयोजित खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ प्रधानाचार्य मनोज कुकरती व खेल शिक्षक मोहन सिंह गुसाईं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने की सीख दी। प्रतियोगिताओं में बालक वर्ग की सौ मीटर दौड़ में कनिष्का, आयुष व आदित्य और बालिका वर्ग में प्रियांशी, गुंजन व लावण्य क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

बालक वर्ग दो सौ मीटर दौड़ में प्रियांशु असवाल, आयुष कुमार व आदित्य बिष्ट और बालिका वर्ग में प्रियांशी, लावण्य व सोनाक्षी ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद के बालक वर्ग में सुमित, प्रियांशु ने संयुक्त रूप से प्रथम, आर्यन ने द्वितीय व कनिष्क ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में सोनम, दिव्यांशी व साक्षी प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे। बैडमिंटन बालक वर्ग में नौतिक, निशांत व नमन और बालिका वर्ग में भूमिका, खुशी व पूजा प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। खो–खो प्रतियोगिता में कक्षा आठ व कक्षा छह की टीम विजय रही। इस मौके पर सोनू कुमार प्रजापति, अनिल भटनागर, रोहित बलोदी, राहुल भाटिया आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश के अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित करेगा मंच



कोटद्वार में आयोजित बैठक में भाग लेते मंच के सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच ने बोर्ड परीक्षा के अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। कहा कि युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए मंच की ओर से जागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे। इसके लिए मंच के सदस्यों की विशेष टीमें गठित की जाएंगी। इस दौरान शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने को लेकर भी चर्चा की गई।

सोमवार को देवी रोड स्थित एक होटल में बैठक का आयोजन किया गया। मंच के अध्यक्ष प्रवेश चंद्र नवानी ने कहा कि युवाओं को छोटी नौकरी खोजने के बजाय स्वरोजगार शुरू करने पर ध्यान देना चाहिए। पढ़ाई के साथ युवा स्वरोजगार के गुर सीखें, इसके लिए मंच के सदस्य स्कूल व महाविद्यालयों में अभियान चलाएंगे।

बैठक में सरकारी विद्यालयों में कक्षा छह से अंग्रेजी अनिवार्य करने पर भी चर्चा की गई। पूर्व शिक्षक विजय लखेड़ा ने कहा कि बच्चों को तकनीकी ज्ञान होना भी आवश्यक है।

सदस्यों ने सरकार की ओर से प्रदेश के 250 विद्यालयों में व्यवसायिक शिक्षा लागू करने के निर्णय का भी स्वागत किया। कहा कि यह व्यवस्था प्रदेश के सभी स्कूलों में लागू की जानी चाहिए।

निर्णय लिया गया कि जल्द ही मंच प्रदेश की बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित करेगा। इस मौके पर मंच के महासचिव जनार्दन प्रसाद ध्यानी, नरेंद्र सिंह रावत, शिव प्रकाश कुकरेती, प्रभाकर ध्यानी, राकेश मोहन, डा.रमेश चंद्र नैथानी, गोविंद डंडरियाल, विनोद कुमार थपलियाल, पातीराम ध्यानी, धीरज सिंह बिष्ट, इंद्रमणि देवरानी आदि मौजूद रहे।

# नशा नहीं बेहतर भविष्य चुने

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** एंटी ड्रग सेल राठ महाविद्यालय पैठाणी द्वारा नशा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पैठाणी में ग्रामवासियों के साथ एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। एंटी ड्रग सेल के सदस्य डा. वीरेंद चंद ने कहा की समाज में ऐसे कई उदाहरण हैं जिन्होंने समाज में परिवर्तन करके दिखाया है। पहाड़ में कई ग्राम सभाएं हैं जहां शराब पर पाबंदी लगाई गई है।

सदस्य राम सिंह नेगी ने कहा है की गांव में शराब पीकर शोर किया जाता है लेकिन लोग चुप रहते हैं, जो समाज के लिए घातक होता है। सदस्य उमेश चंद्र बंसल ने कहा की नशे से जो आर्थिक नुकसान होता है उसकी भरपाई होना बेहद कठिन होता है। डा. अखिलेश कुमार सिंह नें कहा की समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान जरुरी है। गोष्ठी को महाविद्यालय की छात्र परिषद की अध्यक्ष गरिमा व सांस्कृतिक सचिव नेहा ने भी संबोधित किया। पुलिस सब इंस्पेक्टर रमेश सिंह जयाड़ा ने कहा कि पुलिस की तरफ से कई टोल फ्री नंबर दिए गए हैं उन पर लोग नशा करने वालों की शिकायत कर सकते हैं। पुलिस कर्मी राजेंद्र सिंह रावत ने कहा कि जब तक हम अपनें बच्चों को संस्कार नहीं देंगे तब तक नशा समाप्त नहीं किया जा सकता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जितेन्द्र कुमार नेगी ने कहा की नशा शरीर का नाश करता है। महाविद्यालय के एंटी ड्रग सेल नोडल अधिकारी डा. देव कृष्ण थपलियाल ने सभी ग्रामीण जनता का आभार व्यक्त गोष्ठी में सुरेंद्र सिंह कंडारी, घनश्याम सिंह चौहान, संदीप सिंह गुसाईं, विक्रम सिंह कंडारी आदि शामिल रहे।

# क्षत्रिय समाज की आवाज पत्रिका का हुआ विमोचन



आयोजित कार्यक्रम में पत्रिका का विमोचन करते सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** उत्तराखंड क्षत्रिय संस्था की ओर से क्षत्रिय समाज की आवाज नामक पत्रिका का विमोचन किया गया। इस दौरान सदस्यों ने समाज को बेहतर दिशा में ले जाने के लिए अभियान चलाने का भी निर्णय लिया। कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों को बेहतर संस्कार देने चाहिए।

भाबर क्षेत्र के एक बारातघर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ नयार घाटी के व्यवसायी ठाकुर सुंदर सिंह चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि एक बेहतर समाज निर्माण के लिए जागरूक लोगों को आगे बढ़कर कार्य करना चाहिए। वर्तमान में समाज में कई प्रकार की विकृतियां उत्पन्न हो रही है। जिसके कारण क्षत्रिय अपना धर्म बेहतर तरीके से नहीं निभा पा रहा है। हमें आने वाली पीढ़ी को संस्कारवान बनाने के साथ ही उसे धर्म के प्रति भी जागरूक करना होगा। टिहरी रियासत के वंशज भवानी प्रताप सिंह ने कहा कि क्षत्रियों ने अपने पराक्रम से सनातन की रक्षा की है। यही कारण है कि आज कई क्षत्रिय महापुरुषों का गौरवशाली इतिहास हमें पढ़ने को मिलता है। कोलकत्ता से पहुंचे उद्योगपति सुरेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि क्षत्रियों को भगवान राम के आदर्शों पर चलना चाहिए। क्षत्रियों को शस्त्र के साथ शास्त्र का भी ज्ञान होना अति आवश्यक है। निर्णय लिया गया कि संगठन गरीब क्षत्रिय परिवार की अव्वल कन्याओं को पढ़ाई में भी मदद करेगा। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह रावत, उम्मेद सिंह चौहान, सुरेंद्र सिंह, धीरेंद्र सिंह नेगी, महेंद्र सिंह राजपूत, जगदीश चौहान, राजेंद्र सिंह, टीकम सिंह, धीरज सिंह नेगी, दिनेश चौहान, गिरीराज सिंह रावत, अमित नेगी, राकेश बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# चाई ग्रामोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन



चाई ग्रामोत्सव में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देती महिलाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** पहाड़ में गांव बचाने का अनूठा अभियान चाई ग्राम उत्सव पूरी रंगत में नजर आया। दूसरे दिन ग्राम विकास गोष्टी एवं कौशल विकास पर कार्यशाला आयोजित की गई। सांय काल संस्कृति विभाग उत्तराखंड की शैलजा टीम ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिस पर दर्शक देर रात तक थिरकते रहे। गढ़वाली कविता पाठ के जरिए कवियों ने उत्तराखंड की आंचलिक संस्कृति की विविध रंगों को उकेरा

विकासखंड जहरीखाल के ग्राम चाई में ग्राम उत्सव के दूसरे दिन आयोजित ग्राम विकास गोष्ठी का मुख्य अतिथि एकेशवर के ब्लॉक प्रमुख नीरज पांथरी ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गांव चाई आज अपनी अनूठी पहल की वजह से पूरे राज्य वह देश के लिए रोल मॉडल बन गया है। उन्होंने कहा कि गांव के विकास का खाका गांव में ही बैठ कर तैयार किया जाना चाहिए और इसमें स्थानीय ग्रामीणों की प्रभावी भूमिका होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गांव स्वरोजगार एवं स्वावलंबन की बड़े केंद्र हो सकते हैं इस दिशा में गहराई से सोचने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि साहित्यकार व समाजसेवी जगमोहन रावत ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्र के गांव में बुनियादी सुविधाएं जुटा कर रिवर्स पलायन की दिशा में ठोस प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने चाई ग्राम उत्सव को एक सकारात्मक पहल बताया। और कहा कि कई गांव में इसके सुखद परिणाम अब दिखाई देने लगे हैं। साहित्यकार दिनेश ध्यानी ने कहा कि ग्राम चाई पूरे राज्य के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जिसने बताया है कि बिना किसी सरकारी सहायता के केवल जनभागीदारी से पहाड़ में कैसे गांव को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रवासी ग्रामवासी सभी का ग्रामोत्थान की दिशा में बढ़ाया गया कदम असरदार व ऐतिहासिक है, ऐसे प्रयास लोक परंपरा को बचाने की दिशा में भी प्रभावकारी सिद्ध होंगे। अध्यक्षता करते हुऐ जगमोहन बूढ़ाकोटी ने कहा कि चाई ग्रामवासी अपनी व्यापक सोच के बूते ग्राम विकास के कार्यो को आगे बढ़ा रहे हैं। इस अवसर पर बच्चों एवं युवाओं के कौशल विकास पर कार्यशाला आयोजित की गई, जिसे देवेंद्र बुड़ाकोटी ने संबोधित किया। इस मौके पर डॉक्टर पदमेश बुड़ाकोटी, सुशील बुड़ाकोटी, अशोक बुड़ाकोटी, संगीत बुड़ाकोटी, महेंद्र बुड़ाकोटी, विकास बुड़ाकोटी, राजेंद्र बुड़ाकोटी, शेखर बुड़ाकोटी ,संतोष बुड़ाकोटी, दीपक बुडाकोटी आदि मौजूद रहे। समारोह के द्वितीय सत्र में गढ़वाली कविता पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें जयपाल सिंह रावत, जगमोहन रावत, दिनेश ध्यानी, सुशील बुड़ाकोटी आदि ने गढ़वाली जनजीवन वह परंपरा पर अपनी मार्मिक वह हास्य पर आधारित रचनाएं प्रस्तुत की। सांस्कृतिक संध्या में संस्कृति विभाग उत्तराखंड के तत्वावधान में शैलजा पौडी टीम ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस ग्रुप के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत हरिया, चौपला, बाजूबंद, खुदेड़, घसियारी कुमाऊनी व जौनसारी आदि लोकगीतों पर दर्शक देर रात तक थिरकते रहे।

## तहसील दिवस छह जून को

**पौड़ीः** जन समस्याओं के निस्तारण के लिए 06 जून को श्रीनगर तहसील सभागार में तहसील दिवस का आयोजन किया जायेगा। तहसीलदार श्रीनगर ने जानकारी देते हुए बताया कि तहसील दिवस जिलाधिकारी गढ़वाल की अध्यक्षता में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने समस्त विभागों के अधिकारियों को तहसील दिवस में पूर्ण तैयारी के प्रतिभाग करने को कहा।

## ईएनटी शिविर का उठाया लाभ

**पौड़ीः** द हंस फाउंडेशन जनरल अस्पताल चमोलीसैंण सतपुली में से दो दिवसीय ईएनटी चिकित्सा परीक्षण शिविर के पहले दिन 156 व दूसरे दिन 141 कुल 297 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। अस्पताल की डिप्टी मैनेजर प्रीती बिष्ट ने बताया कि दो दिवसीय शिविर में ईएनटी विशेषज्ञ डा. समीर टोपनो ने नाक, कान, गले के रोग से संबंधित जुड़ी बीमारियो के 297 मरीजों का परीक्षण किया। जिसमें 41 मरीजों को आपरेशन के लिए चयनित किया गया। जिनका अस्पताल में आधुनिक विधि द्वारा ऑपरेशन किया जायेगा। शिविर में अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन, एक्सरे खून की जांचे व दवाइयां निशुल्क वितरित की गई।

# पुनः अतिक्रमण करने वालों पर हो कार्रवाई



तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजते मंच के सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** देवभूमि रक्षा मंच ने प्रदेश सरकार की ओर से अतिक्रमण के खिलाफ की जा रही कार्रवाई का स्वागत किया है। कहा कि पुनः अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्ती कार्रवाई होनी चाहिए।

सोमवार को मंच ने तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। कहा कि उत्तराखंड द्वारा सरकारी भूमि से अवैध धार्मिक स्थल हटाने का हम स्वागत करते हैं। ज्ञापन में सरकारी भूमि से धार्मिक तथा आवासीय अतिक्रमण हटाकर पुनः अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने, मतांतरण के प्रति जवाबदेही देय करने, मानव तस्करी रोकने के लिए रोमियो स्कावाड गठित करने, सत्यापन अभियान चलाने की मांग की गई। इस मौके पर अमित कुमार, प्रदीप रावत, नितिन, सुमित्रा देवी, सत्यप्रकाश ढौंडियाल, सावित्री देवी आदि मौजूद रहे।

## पछुवादून में घने बादल छाने से मौसम हुआ सुहावना

विकासनगर। पछुवादून में बीते कुछ दिनों पड़ रही भीषण गर्मी से सोमवार को कुछ निजात मिली। सुबह से ही हल्के बादल छाए रहने से गर्मी से राहत रही। शाम को घने बादल और तेज हवाओं ने मौसम सुहावना कर दिया। गर्मी से राहत मिली तो लोगों के चेहरे भी खिले हुए नजर आए। मई माह के दूसरे पखवाड़े की शुरुआत से ही मौसम के तेवर तल्ख बने हुए हैं। पछुवादून में 38 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के बीच लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। बारिश से ही लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है, लेकिन बारिश नहीं हो रही है। रविवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए तो धूप कुछ कम रही। इससे तापमान भी कम रहा। दोपहर में उमस ने लोगों को परेशान किया, लेकिन शाम को एक बार फिर मौसम बदल गया। अचानक घने काले बादलों ने डेरा डाला तो दिन में ही रात जैसा माहौल हो गया। तेज हवाओं ने भी गर्मी से राहत दिलाई। तेज हवाओं के चलते अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस होने से लोगों के चेहरे खिले हुए नजर आए। मौसम ठंडा हुआ तो लोगों ने घरों के बाहर और छत पर आनंद लिया।

# ओपन माईक इवेंट युवाओं की प्रतिभा निखारने के लिए युवाओं का अद्भुत प्रयासः बिट्टू कर्नाटक







अल्मोड़ा। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में युवाओं द्वारा आगाज एक नई सोच एवं कल्प कॉर्नर द्वारा युवा पीढ़ी को अपनी सभ्यता, संस्कृति, कला से जोड़ने और उनकी योग्यता को एक नई दिशा देने के लिए कार्यक्रम का आगाज किया गया। उक्त कार्यक्रम में पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक द्वारा मुख्य अतिथि के रुप में प्रतिभाग किया गया और युवाओं के साथ उनके भविष्य को लेकर विस्तृत संवाद किया गया। कर्नाटक ने कहा कि छात्रा उपाध्यक्ष रूचि कुटौला और पंकज जायसवाल के द्वारा इस इवेंट को सफल बनाने के लिए जो मेहनत की गई है वह काबिल ए तारीफ है। कार्यक्रम को लेकर रूचि कुटौला ने कहा कि अल्मोड़ा में युवाओं की प्रतिभाओं को निखारने का यह छोटा सा प्रयास है तथा आगाज एक ऐसे युवाओं का समूह है जो समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का प्रयास करेंगी। इस अवसर पर कर्नाटक ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तराखंड में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। उत्तराखंड ने हर क्षेत्र में प्रतिभाओं को देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज हमें सिर्फ इन प्रतिभाओं को तराशने की जरूरत है। इसके साथ ही उन्होंने युवा वर्ग से अपील भी की कि बेहद तेजी से समाज में फैल रही नशे रूपी जहर से युवा अपने को बचाये रखें व इससे दूर रहें। कर्नाटक ने कहा कि युवाओं को एक बात स्पष्ट रूप से अपने दिमाग में बैठा लेनी चाहिए कि संकोच और झिझक नाम की कोई चीज नहीं होती। आज युवा संकोच और झिझक के कारण स्वयं की बात सामने नहीं रख पाते। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि युवा अपने अंदर की झिझक को समाप्त करें क्योंकि इस झिझक से बाहर निकलने के बाद एक विशाल आसमान उनकी प्रतीक्षा कर रहा है जिसमे पंख फैलाकर युवाओं को ऊंची उड़ान भरनी है। कर्नाटक ने अपने संबोधन में कहा कि अगर युवा अर्जुन जैसा लक्ष्य लेकर चलेंगे तो उन्हें जीवन में आगे बढ़ने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। प्रत्येक युवा के अंदर भिन्न भिन्न योग्यताओं की खान है बस जरूरत है युवाओं को अपने भीतर छुपी हुई प्रतिभा, योग्यता को समझने व तराशने की। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्वामी विवेकानंद की कही एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए की उठो, जागो और तब तक चलो जब तक आप अपने लक्ष्य तक न पहुंच जाओ। इसके साथ ही कर्नाटक ने छात्रा उपाध्यक्ष रुचि कुटोला के द्वारा युवाओं के हित में आयोजित किए इस कार्यक्रम की सराहना की। कर्नाटक ने कहा कि युवाओं को आवश्यक रूप से खेलों को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। खेलों से जहां एक ओर हमारा शारीरिक विकास होता है वहीं दूसरी ओर खेलों से हमारा मानसिक विकास भी होता है। इस इवेंट में राजस्थान से कवि उमेश गौतम पहुंचे तथा अल्मोड़ा को एक विशेष पहचान देने वाले गौरव मनकोटी को गेस्ट ऑफ द ऑनर सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन हिना बिष्ट ने किया। कार्यक्रम में हर्ष काफर, विनोद सिजवाली, निजाम, नेहा सहित सैकड़ों छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## नाली निर्माण की मांग को लेकर पालिकाध्यक्ष से मिले लोग



बागेश्वर। नाली व रास्ता निर्माण की मांग को लेकर मंडलसेरा वार्ड के लोग मुखर हो गए हैं। उन्होंने नगर पालिकाध्यक्ष से मुलकात कर ज्ञापन सौंपा। जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन शुरू काने की चेतावनी भी दी है। सभासद रूपा देवी के नेतृत्व में लोग सोमवार को नगर पालिका पहुंचे। पालिकाध्यक्ष सुरेश खेताल को अपनी मसमस्या का एक ज्ञापन सौंपा। लोगों का कहना है कि गत बारिश के दिनों में उनके वार्ड में जाने वाला रास्ता व नाली ध्वस्त हो गए थे। एक साल बीत जाने के बाद भी इसका निर्माण आज तक नहीं हो पाया है। रास्ते के अभाव में लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हे।

## 25 हजार का इनामी तमंचा–कारतूस संग दबोचा

रुद्रपुर। पुलभट्टा पुलिस ने फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही आरोपी के पास से एक 315 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए। सोमवार को एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने पुलभट्टा थाने में पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा आनंद कश्यप उर्फ ननुवा निवासी टीचर्स कॉलोनी किच्छा पर स्मैक तस्करी का आरोप था।

आरोपी के खिलाफ पहले शराब और स्मैक बेचने में दो–दो केस दर्ज हैं। जबकि पुलभट्टा थाने में स्मैक बेचने के आरोप में एक केस दर्ज है। ननुवा के अवैध कारोबार में उसके परिवार वाले भी शामिल थे। बताया ननुवा पुलिस की पकड़ से बाहर चल रहा था।

## हिमाद्रि हंस हैण्डलूम सेन्टर डीनापानी में जागरूकता शिविर आयोजित



अल्मोड़ा। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशन एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अल्मोड़ा के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शचि शर्मा द्वारा आज हिमाद्रि हंस हैण्डलूम सेन्टर डीनापानी, अल्मोड़ा में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

उन्होंने इस शिविर में उपस्थित लोगों को एसिड अटैक, घेरलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, कर्मकार प्रतिकर अधिनियम व अन्य श्रम कानूनों के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पॉक्सो एक्ट के प्रावधान एवं महिलाओं से सम्बन्धित संविधानिक प्रावधान, नालसा (नशीली दवाओं के दुरूपयोग और नशीली दवाओं के खतरे से पीड़ितों के लिए कानूनी सेवाए) योजना 2015 नालसा एवं सामाजिक, मानसिक और शारीरिक संकट पैदा करने वाली नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि यदि वह किसी भी व्यक्ति के साथ कोई भी अपराध होते हुए देखें तो अविलम्ब पुलिस को सूचित करें ताकि अपराध को जड़ से मिटाया जा सके। शिविर में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए यह भी बताया कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस है और वे अधिक से अधिक छायादार व फलदार वृक्ष लगाएं साथ ही पौधों की देखभाल करने हेतु भी प्रेरित किया। शिविर में उपस्थित लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जा रही निःशुल्क विधिक सेवाओं के विषय में भी बताया गया तथा उनकी समस्याओं का भी समाधान किया।

शिविर में पुलिस विभाग के नारकोटिक्स, साईबर एक्सपर्ट सुनिल धानिक द्वारा लोगों को साईबर अपराध के विभिन्न प्रकार के बारे में व साईबर अपराध के रोकथाम हेतु विस्तृत जानकारी दी गयी।

## शारदा पब्लिक स्कूल के छात्र सौम्य पटियाल बने अन्तर्राष्ट्रीय फीडे रेटेड शतरंज खिलाड़ी



अल्मोड़ा। देवभूमि शतरंज संघ द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय फेडरेशन उत्तराखंड शतरंज प्रतियोगिता का 22 मई से 27 मई 2023 तक दिल्ली पब्लिक स्कूल रुद्रपुर में आयोजन किया गया। जिसमें शारदा पब्लिक स्कूल के छात्र शतरंज खिलाड़ी सौम्य पटियाल ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कुल 09 में से 04 मैच में जीत दर्ज की और 02 मैच ड्रा रहे। उन्होंने 1369 फीडे रेटिंग प्राप्त की है। जिसे 01 जून 2023 को जारी कर दिया जाएगा। इसके साथ ही अंडर 1599 रेटिंग वर्ग में सौम्य पटियाल ने 20वां स्थान प्राप्त किया। जिसके साथ ही वह फीडे रेटिंग प्राप्त करने वाले अल्मोड़ा जिले के चौथे खिलाड़ी बन गए हैं। सौम्य पटियाल की इस उपलब्धि पर विद्यालय एवं उनके परिजनों में खुशी की लहर है। सौम्य की इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्या विनीता शेखर लखचौरा ने हर्ष व्यक्त किया। साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना की। शतरंज कोच संतोष कुमार ने कहा कि सौम्य ने एक बड़ी ने उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने 1369 फीडे रेटिंग प्राप्त की है। यह प्रतियोगिता देवभूमि शतरंज संघ के द्वारा पूर्व शतरंज संघ के उत्तराखंड अध्यक्ष स्व. धीरज सिंह रघुवंशी की स्मृति में आयोजित की गई थी। जिसमें देश–विदेश के लगभग 300 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था।

## मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

रुद्रपुर। मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के उपलक्ष्य में उप जिला चिकत्सालय में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिलाओं में क्या–क्या स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो सकती है, इसकी जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं को सेनेटरी नेपकिन बांटे गए। यहां अस्पताल के वरिष्ठ चिकत्सा अधिकारी डॉ वीपी सिंह, डॉ ममता सिंह, डॉ संदीप, आरकेएसके काउंसलर विजेता, आशा फेसिलेटर गीता, नुपुर पांडेय, डॉ देशदीपक, डॉ शैलजा त्रिपाठी, डॉ सोनाक्षी, हंस फाउंडेशन से त्रिलोक सिंह, अनीता, विक्रम रहे।

## दुग्ध संघ प्रबंध समिति अल्मोड़ा अध्यक्ष नीमा देवी का बीजेपी कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत



अल्मोड़ा। दुग्ध संघ प्रबंध समिति अल्मोड़ा की अध्यक्ष नीमा देवी का बीजेपी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद पहली बार अपने गृह क्षेत्र दौलाघट पहुंची नीमा देवी का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान जोरदार आतिशबाजी और मिष्ठान वितरण भी किया गया। दौलाघट के सिलानी गांव की नीमा देवी ने अल्मोड़ा दुग्ध संघ प्रबंध समिति की अध्यक्ष बनने पर बीजेपी प्रदेश एंव जिला नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पदभार संभालने के बाद दुग्ध उत्पादकों, पशुपालकों और महिलाओं की बेहतरी के लिये उन्होंने दुग्ध विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा और महिला एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य से देहरादून में मुलाकात की। अध्यक्ष नीमा देवी ने कहा कि सरकार और दुग्ध संघ के बीच बेहतर तालमेल से काम किया जायेगा। दुग्ध उत्पादकों व उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए दुग्ध संघ में काम किये जाएंगे। दुग्ध उत्पादकों के साथ ही संघ का विकास उनकी प्राथमिकता रहेगी।स्वागत कार्यक्रम में स्याहीदेवी मंडल के अध्यक्ष वीरेन्द्र चिल्वाल ने कहा कि स्याहीदेवी क्षेत्र से दुग्ध संघ को महिला नेतृत्व मिलना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। ग्रामीण कामकाजी महिला के अध्यक्ष बनने से महिलाओं व दुग्ध पालकों को अच्छा लाभ मिल सकेगा।

## नाराज सभासद ने दिया नगर पालिका में धरना



रुद्रपुर। वार्ड संख्या 15 के सभासद असलम अंसारी नगर पालिका कार्यालय में धरने पर बैठ गए। सभासद ने वार्ड संख्या 15 की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार शिकायत रजिस्टर में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद पालिका द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे उनके वार्ड की जनता परेशान है। सभासद अंसारी ने कहा कि उनके वार्ड में डाकखाने के आगे गोटिया जाने वाली पुलिया के पास सरकारी इंडिया मार्का नल को उखाड़ कर उस जगह पर कब्जा कर एक खोखा डाल दिया गया है। इस मामले में उन्होंने अधिशासी अधिकारी, एसडीएम खटीमा को लिखित शिकायत की आज तक सरकारी जमीन से अवैध कब्जा नहीं हटाया गया। इसके अलावा उनके वार्ड में स्ट्रीट लाइट खराब हैं उन्हें सही नहीं कराई जा रही। शनिवार को अधिशासी अधिकारी ने इस ममाले में आदेश भी किया था, लेकिन आज लाइनमैन वार्ड संख्या 18 में चला गया।

उनके वार्ड में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। वार्ड में सफाई कर्मचारी नहीं आ रहे हैं। सभासद ने कहा कि वह सोमवार को पांच बजे तक धरने पर बैठेंगे। अगर उनकी मांग पूरी नहीं की गई तो वह मंगलवार को भी धरना देंगे। इस संबंध में पालिकाध्यक्ष सोनी राणा ने कहा कि इस मामले में वह सभासद से वार्ता कर रही हैं।

## पूर्व सैनिक संगठन ने सीएसडी कैंटीन के संबंध में दिए जारुरी सुझाव

रुद्रपुर। पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष स्टेशन कैंटीन प्रशासनिक अधिकारी बनबसा संदीप नेगी से मिले। संगठन के अध्यक्ष गंभीर सिंह धामी ने सीएसडी कैंटीन में सैनिकों की सुविधा के लिए किए जाने बदलावों के सुझाव दिए। धामी ने सात बिंदुओं पर सुझाव पत्र संदीप नेगी को सौंपा। सोमवार को सौंपे ज्ञापन में धामी ने कहा कि खटीमा कैंटीन में पूर्व सैनिकों की संख्या को देखते हुए ग्रोसरी और लीकर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई जाए, बनबसा में आने वाले सीएसडी स्टोर का लगभग 60 प्रतिशत कोटा खटीमा को दिया जाए, ग्रोसरी पूर्व सैनिकों को जैसे–तैसे मिल रही है, लेकिन लीकर के लिए उन्हें बनबसा जाना पड़ता है।

## थ्री व्हीलर में लगी आग, अफरा–तफरी मची




रुद्रपुर। बीच बाजार में सीएनजी थ्री व्हीलर में आग लग गई। आग की लपटें देख अफरा–तफरी मच गई। मौके पर मौजूद व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने रेता डालकर आग बुझाना का प्रयास किया। वहीं, सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने बामुश्किल से आग पर काबू पाया गया। इधर, घटना के बाद थ्री व्हीलर चालक मौके से फरार हो गया। जबकि पुलिस ने उसके एक साथी को हिरासत में ले लिया है। सोमवार दोपहर 1:30 बजे गूलरभोज चौराहे पर तारपीन के तेल से भरे चलते थ्री व्हीलर यूके 06 सीबी8579 से आग की लपटें उठने लगी। आग लगी देख चालक थ्री व्हीलर छोड़कर मौके से फरार हो गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। अनहोनी से आशंकित व्यापारियों ने अपनी दुकानों के शटर डाउन कर दिए और रेता और पानी डालकर आग पर काफी हद तक काबू पा लिया। सूचना के 20 मिनट बाद गदरपुर से वाहन के साथ पहुंचे अग्निशमन दल के धीरज राणा, महेंद्र सिंह व दिनेश चंद्र ने आग पर पूरी तरह काबू पाया। व्यापारियों ने कहा आग लगने से पहले चालक द्वारा थ्री व्हीलर में वेल्डिंग कराया गया था। इसकी वजह से आग लगी है। इधर, पुलिस ने पूछताछ के लिए थ्री व्हीलर चालक के साथी को हिरासत में ले लिया है।

# वेतन के लिए श्रमिकों ने दिया धरना



रुद्रपुर। सिडकुल की एक कंपनी से निष्कासित किए स्थायी श्रमिकों ने अप्रैल माह के वेतन की मांग को लेकर श्रम भवन में धरना दिया। इस दौरान विभिन्न संगठनों ने उन्हें अपना समर्थन दिया। मवार को ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन (ऐक्टू) के प्रदेश महामंत्री केके बोरा ने कहा 39 दिनों से कंपनी के 41 स्थायी श्रमिक गैरकानूनी तरीके से बाहर कर दिए गए है। वहीं, 20 दिनों से श्रमिकों को अर्जित वेतन भी नहीं मिला है। इसमें श्रम विभाग के अधिकारी श्रमिकों का वेतन दिलाने के छोटे से मसले पर भी हाथ खड़ा कर हे हैं। वहीं, इंट्रार्क मजदूर संगठन के दलजीत सिंह ने श्रम विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगया कि जिला प्रशासन श्रमिकों के साथ अन्याय कर रहा है। हाईकोर्ट के आदेशों के बावजूद भी उस आदेश को लागू कराने वाला जिला प्रशासन आदेश को लागू नहीं करवा पा रहा है। यहां सुब्रत विश्वास, संजू बाला, करन सिंह, जीवन राम, जयशंकर, गौरी शंकर, केशव प्रसाद, धर्मेंद्र पटेल, चरन सिंह, रंजन कुमार, ललित सिंह रावत, जगदंबिका प्रसाद, उदय पाल सिंह रहे।

## टीम मोदी सेवा समिति ने किया मिष्ठान वितरण

नैनीताल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से देश में नए संसद भवन के लोकार्पण पर टीम मोदी सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी। तल्लीताल लेक ब्रिज कॉम्प्लेक्स में एकत्रित होकर कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई। इस अवसर पर टीम के प्रदेश महासचिव पवन कुमार, पवन बिष्ट, खजान सिंह डंगवाल, जगदीश चन्द्र ओली, सुन्दर सिंह बिष्ट, अनिल रौतेला, भवान सिंह, लाल सिंह बिष्ट, नवीन चन्द्र सुयाल, अनिल सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

## बीडी पांडे अस्पताल के डॉक्टर संग मारपीट

नैनीताल। बीडी पांडे जिला अस्पताल में तैनात एक डॉक्टर ने पड़ोसियों पर अभद्रता और मारपीट करने का आरोप लगाया है। डॉक्टर ने मल्लीताल कोतवाली में तहरीर दी है।

तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। डॉ. देवाशीष मल्लीताल स्थित बीडी पांडे जिला अस्पताल में तैनात हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह मल्लीताल के एक मकान में पेइंग गेस्ट के रूप में रहते हैं। आरोप है कि उनके पड़ोसियों की ओर से उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा है। डॉक्टर ने इसकी शिकायत मकान मालिक से की। आरोप है कि इसके बाद पड़ोसी और अधिक अभद्रता पर उतर आए। आरोपियों ने उनके साथ मारपीट कर दी। डॉक्टर का कहना है कि उनपर महिलाओं के साथ छेड़छाड़ का झूठा आरोप लगाने का भी प्रयास किया गया। उन्होंने कोतवाली पुलिस से करवाई की मांग की है। कोतवाल धर्मवीर सोलंकी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तथ्यों के आधार पर प्रकरण में कार्रवाई की जाएगी।

## बागेश्वर के बाद गरुड़ में चलाया स्वच्छता अभियान


बागेश्वर। रेडक्रॉस सोसायटी ने बागेश्वर के बाद अब गरुड़ में भी स्वच्छता अभियान चला दिया है। सोसायटी के सदस्यों ने स्थानीय कटारमल गधेरे में स्वच्छता कर कूड़ा एकत्रित किया और गधेरे की जल निकासी सुचारु की। सोमवार को रेडक्रॉस सोसायटी के जनपद सचिव आलोक पांडे के नेतृत्व में कटारमल गधेरे में स्वच्छता अभियान चलाया गया। पानी की निकासी को सुचारु बनाते हुए कूड़ा–करकट का निस्तारण किया गया। गधेरे के पास स्थित पौराणिक पेयजल स्रोत नौले की स्वच्छता भी की गई। साथ ही झाड़ियों का कटान किया गया। इस मौके पर सोसायटी के वरिष्ठ सदस्य उमेश जोशी ने लोगों को स्वच्छता का महत्त्व समझाया और गधेरे में कूड़ा न फेंकने की अपील की।

## सम्पादकीय

# समाज का शर्मनाक चेहरा

साहस और दुस्साहस दोनों के अर्थ व्यापक हैं और किसी भी घटना के घटित होने के समय यह दोनों शब्द चरितार्थ होते हैं। दिल्ली में सरेराह एक सनकी युवक के दुस्साहस ने पूरे देश को हिला कर रख दिया, इस सब से भी शर्मनाक यह रहा कि कई लोगों की मौजूदगी के बावजूद कोई भी युवती को बचाने का साहस नहीं जुटा पाया। सब ऐसे देख कर अनदेखा करते गुजर रहे थे मानो उनके इर्द–गिर्द कुछ हो ही नहीं रहा था। पूरा समाज अंधा बन गया था और एक सनकी अपने दुस्साहस का खुला उदाहरण पेश कर रहा था। कुछ ही देर में लड़की ने दम तोड़ दिया और हत्यारा बेखौफ वहां से चलता बना। यह घटना घटी है देश की राजधानी दिल्ली में जहां बाहरी उत्तरी दिल्ली के शाहबाद डेयरी इलाके में एक युवक ने नाबालिग लड़की की चाकू के 40 से अधिक वार कर बेरहमी से हत्या कर दी। लड़की बचने का प्रयास करती रही और वह ताबड़तोड़ वार करता रहा, शर्मनाक तो यह था कि वहां से गुजरते लोगों ने लड़की का बचाव करना उचित नहीं समझा और अंततः इन लोगों की कायरता और सनकी युवक का दुस्साहस नाबालिक लड़की की मौत का कारण बन गया। इसे सनक नहीं कहेंगे तो भला और क्या कहे की चाकुओं से लगातार गोदने के बाद हत्यारे ने पत्थर से लड़की के सिर पर कई वार किए और उसके सिर के टुकड़े टुकड़े कर डाले। इस पूरे घटनाक्रम ने दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया तो वही समाज का एक घिनौना और कलंकित रूप भी सामने आया है। जिसमें जनता की कायरता का नमूना पूरे देश ने देखा और तमाम गुजरते लोग एकजुट होकर एक असहाय लड़की की जान नहीं बचा पाए। क्या ऐसे ही निर्भीक समाज की कल्पना की जा रही है और राजनीतिक मंचों से विकास और भारत को विश्व गुरु बनाने की बात की जा रही है? देश की राजधानी दिल्ली ही क्यों देश के दूसरे राज्यों में भी हिंसा का जो नाच नजर आता है वह बेहद शर्मनाक है। चिंता की बात तो यह है कि अपने सामने ऐसे वीभत्स कारनामे देखने के बावजूद कोई बचाव के लिए आगे क्यों नहीं आता? क्या यह संभव नहीं कि शायद उस लड़की की जगह कोई हमारी आपकी परिचित भी हो सकती थी। निश्चित तौर पर उस वक्त जरूरत थी थोड़ी सी हिम्मत दिखाने की और पहल करने की ताकि सनकी युवक को पकड़ा जा सके। असल में यही समाज का असली रूप है जहां कोई किसी की मदद के लिए आगे आने को तैयार नहीं है। इस बात से भी अनजान, जो आज उनके सामने हो रहा है वह कल उनके साथ भी हो सकता है। इस घटना से पूरा सभ्य समाज शर्मिंदा है और उन लोगों को खुद को कोसना भी चाहिए जो उस वक्त यह सब देखने के बावजूद वहां से ऐसे चलते बने मानो उनके इर्द–गिर्द कुछ हो ही नहीं रहा है। ऐसे हालातों को देखते हुए कल्पना की जा सकती है उस तथाकथित सभ्य और सुरक्षित समाज की, जहां सरेराह हत्याएं होंगी खून की नदियां बहेगी, लोग चलकदमी करते नजर आएंगे लेकिन कोई हाथ मदद को नहीं बढ़ेगा।

# बाथरूम–किचन के नलों से पानी के दाग हटाने के लिए अपनाएं ये 5 टिप्स



घर के साथ–साथ बाथरूम और किचन की सफाई करना भी जरूरी होता है। खासतौर पर वहां लगे नलों की सफाई जरूरी है। ऐसा नहीं करने पर नलों पर पानी के दाग सख्त हो जाते हैं, जिससे उन्हें हटाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में नलों की रोजाना सफाई करने के अलावा कुछ हैक्स अपनाकर भी आप इन्हें साफ और चमकदार बना सकते हैं। आइए आज नलों से पानी के दाग हटाने के लिए 5 साफ–सफाई के टिप्स जानते हैं।

**सफेद सिरका** नलों से पानी के सख्त निशानों से छुटकारा पाने के सबसे आसान तरीकों में से एक सिरका और पानी का मिश्रण तैयार करना है। इस मिश्रण को प्रभावित जगह पर स्प्रे करें और कम से कम 15 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद अंत में एक पुराने टूथब्रश से नलों की सतह को स्क्रब करके साफ करें। सफेद सिरके की मदद से बाथरूम की ये चीजें भी साफ की जा सकती हैं।

**बेकिंग सोडा** बाथरूम–किचन के नलों को बेदाग बनाने के लिए बेकिंग सोडा असरदार है। यह मार्बल की टाइल्स को भी साफ कर सकता है। लाभ के लिए एक चौथाई कप बेकिंग सोडा और पानी मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें। अब इस पेस्ट को पानी के दाग से प्रभावित हिस्से पर लगाकर लगभग 12 घंटे तक छोड़ दें। इसके बाद नल की सफाई करते हुए इसे धो लें। इससे सारे दाग गायब हो जाते हैं और नल वापस से चमकने लगता है।

**फ्लोराइड–बेस्ड टूथपेस्ट** ज्यादातर टूथपेस्ट में फ्लोराइड मौजूद होता है, जो एक प्राकृतिक खनिज है। यह मुंह की सफाई करने में मदद करता है। इसके अलावा यह नल और कांच की सतह को साफ करने के लिए एक एजेंट के रूप में भी काम करता है। लाभ के लिए अच्छी मात्रा में टूथपेस्ट लें और फिर इसे प्रभावित हिस्से पर लगाएं। इसके बाद एक कपड़े का उपयोग करके सतह को साफ करके पानी से धो लें।

**एप्सम सॉल्ट** एप्सम सॉल्ट की मदद से आप नल की सफाई भी कर सकते हैं। लाभ के लिए एक कप एप्सम सॉल्ट में आधा कप बेकिंग सोडा और कुछ लिक्विड डिश सोप मिलाएं। अब इस मिश्रण को नल पर लगाकर धीरे से स्क्रब करें। कुछ देर बाद पानी से नल को धो लें। ऐसा करने से नल पर लगा जंग और दाग काफी हद तक गायब हो जाते हैं। एप्सम सॉल्ट को गुनगुने पानी में मिलाकर नहाने से ये फायदे मिलते हैं।

**टैटार की क्रीम** टैटार की क्रीम एक बेकिंग सामग्री है। इसका उपयोग कई सतहों को साफ करने के लिए किया जा सकता है। लाभ के लिए पानी और टैटार की क्रीम का पेस्ट तैयार करें और फिर इसे उस सतह पर लगाएं, जिसे आप साफ करना चाहते हैं। इस पेस्ट को नलों पर 30 मिनट तक लगा रहने दें और फिर एक गीले कपड़े से साफ कर लें।

# मोदी की नौ उपलब्धियां !

**हरिशंकर व्यास**

उफ, वक्त ! पल–पल स्यापा, फिर भी गुजर गए नौ वर्ष। पता नहीं नौ वर्षों में 140 करोड़ लोगों में कितनों के दिन अच्छे थे कितनों की रात लंबी। मुझे तो फुर्सत ही नहीं हुई! मुश्किलों–बाधाओं–वेयक्तिक नुकसानों के बावजूद ये नौ वर्ष जीवन आंनद के इसलिए हुए क्योंकि इस अवधि में आत्म साक्षात्कार हुआ!अनुभुति हुई कि मैं क्या हूं! मैं बतौर पत्रकार, बतौर सनातनी हिंदू क्या हूं? मेरी जैविक–मानसिक रचना के डीएनए की क्या फितरत है? आखिर इंसान कोई हो, उसकी वृति–प्रवृति, प्रोफेशन–कर्म और जिंदगी की सिद्धी तो उस स्वांत सुखाय से ही है जिससे फील हो कि कुछ भी हो हम अपनी राह चले। अपना झंडा लिए चले। अपने आत्म सम्मान में जीये!

ये पंक्तियां महामना अज्ञेय की कविता – 'तुम, चलने देने से पहलेइ– 'हट जाओइ के असर में है!

अज्ञेय ने संभवतया यह कविता इंदिरा गांधी के इमरजेंसी के ठिक पहले लिखी थी। इसकी चार पंक्तियां मेरे, मेरी पत्रकारिता, इस नया इंडिया अखबार और मेरेमिजाज की प्रतिबिंब है। जरा गौर करें– हम न पिू हैं न पक्षधर हैं/हम हम हैं और हमें/सफ़ाई चाहिए, साफ़ हवा चाहिए/और आत्म–सम्मान चाहिए जिस की लीक/हम डाल रहे हैं/हमारी ज़मीन से हट जाओ।

सो भले चंद लोग हो, लेकिन उनकी जिंदगी का गुजरा वक्त कई मायनोंमें, नौ वर्षों में सार्थक हुआ है। जाहिर है इन नौ वषी के शासन में वह बहुत हुआ है जिससे व्यक्तियों, जातियों, समाज, कौम और राष्ट्र की सच्चाईयां उजागर, जगजाहिर हुई! नौ वर्षों में हिंदू मिजाज, डीएनए की तासीर उद्घाटित हुई। भारत के 140 करोड लोगोंका मनोविज्ञान, बुद्धी, आचरण का पोर–पोर जगजाहिर हुआ। मेरा मानना है कि मई 2014 से पहले का भारत और उसके बाद नरेंद्र मोदी का भारत एक ही सिक्के के दो पहलू है। आईडिया नेहरू का हो या मोदी का, भारत का कुल मिजाज भक्ति, भूख और भयाकुलता का मिक्स है। यही आधी रात के अंधकार से शुरू हुए सफर का स्थाई लबोलुआब।

मोटामोटी नौ वर्षों की येउपलब्धियां गौरतलब है–

*भांड़ा फोड़ा! – हां, यह मोदी सरकार की अतुलनीय उपलब्धि। 15 अगस्त 1947 की आधी रात भारत मेंब्रितानी राजके अवशेषों का जो सत्ता कलश स्थापित हुआ था उसका मोदी राज में भांड़ाफूटा। झूठ एक्सपोज हुए।लोकतंत्र–धर्मनिरपेक्षता–समानता–बंधुता–स्वतंत्रता और सत्यमेव जयते के आदर्शों का पाखंड व आडंबर उजागर हुआ। दुनिया ने जाना कि भारत और उसके लोग, खासकर बहुसख्यक हिंदू वैसे ही है जैसे 1947 से पहले थे। गुलामी काल में थे। नागरिकों की स्वतंत्रता, धर्मनिरपेक्षता, हिंदू–मुस्लिम भाई–भाई, लोकतंत्र, संविधान, सत्यमेव जयते सब आडंबर है। जरा सोचे. मई 2014 के पहले और बाद के भारत पर। क्या दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू नहीं? 1947 से 2014 के मध्य का भारत भी झूठा था तो2014 के बाद का मोदी भारत भी झूठा है। तब सिक्के के दोनों पहलूओं का बुनियादी सत्य क्या? क्या यह नहीं कि हमारी नियति स्थाई तौर पर जुमलों, झूठमेव जयते, अंधविश्वासों, भक्ति और इलहामकी है। तभी नरेंद्र मोदी के कार्यकाल की नंबर एक उपलब्धि जो उनके शासन से भारत मिजाज की असलियत उद्घाटिक हुई।1947 के बाद बने तमाम ढ़ोग, आचरण, विचार और व्यवस्था की भारत रियलिटी से सभी का साक्षात्कार हुआ!

*पश्चिम से सहभागिता(विदेश नीति)– हां, भारत के दीर्घकालीन हित मेंमोदी सरकार की उपलब्धि। कह सकते है कि मोदी सरकार का रूस और चीन से भी सौदा पटा हुआ है। पर यह नरेंद्र मोदी और जयशंकर को भी शायद अहसास न हो कि ओबामा–ट्रंप–बाइडन, औलांदे–मेक्रोन, आबे–किशिदा, स्कॉटमॉरिसन– अल्बानीज आदि ने नरेंद्र मोदी से गले मिलकर, उन्हे ग्रेट या बॉस कह कर भले नरेंद्र मोदी की भारत में दुकान बढ़वाईहो तो बदले में इन्होने भारत की भीड को, पैदल सेना को अपने एलांयस काचुपचाप पार्टनर भी बनालिया! मैं इसे सभ्यताओं के संघर्ष के भावी सिनेरियों में भारत हितकारी मानता हूं। इसलिए क्योंकि भारत को आगे खतरा विस्तारवादी चीन–हॉन सभ्यता, रूसी स्लैविक सभ्यता, इस्लामी सभ्यता से ही है। सो जी–सात देशों के साथ भारत का सामरिक–भूराजनैतिक एलायंस जितना ठोस और भरोसेमंद बनेगा उतना अच्छा है। जान ले इसकी कोशिशे भारत में नरसिंहराव, वाजपेयी, डा मनमोहनसिंह की सरकारों से लगातार है।




*चीन पर फोकस स्थाई (सुरक्षा)– भारत की रक्षा–समारिक नीति में चीन पर स्थाई फोकस मोदी काल की बड़ी बात है। पहले पाकिस्तान केंद्रीत कूटनीति और सैनिक तैयारियां थी। अब दोनों सीमाओं को ले कर सैनिक–सामरिक तैयारियां है। इस बारे में सीमावर्ती इलाकों के इंफ्रास्ट्रक्चर, सैनिक चौकसी, कवायदों तथा सुरक्षा बलों के पुर्नगठन आदि के काम है तो वैश्विक साझा, खुफियाई सहयोग में जो हुआ है वह पर्याप्त न होते हुए भी काफी है।

*लुटियन आउट, भदेस इन– नरेंद्र मोदी से देश की सत्ता देशज व भदेस बनी है। लुटियन दिल्ली में प्रगतिशीलता, धर्मनिरपेक्षता, आधुनिकता का जो अंग्रेजीदां प्रभुवर्ग पंडित नेहरू से बना था और विचार, विमर्श में समाजवादी, वामपंथी बुद्धीजीवियों और नौकरशाहों की जैसी मोनोपॉली थी वह या तो खत्म है या हाशिए में गई है या फिर मोदी की भदेस सत्ता की प्रोपेगेंडा दुकाने बन गई है। यों भाजपा (वाजपेयी–आडवाणी–जेतली–सुषमा आदि) भी लुटियन दिल्ली के एलिट का पार्ट हो गई थी लेकिन मोदी–शाह की आउटसाइडर सच्चाई, उसके प्रभावों से लुटियन दिल्ली का चरित्र बदला है तो वही सत्ता देशज, बिना विचार राजनीति की होने से क्रॉस खरीदफरोख्त की मंडी बनी है।

सबकुछ राजा केंद्रीत बाकि सब निराकार। राष्ट्रपति भवन के कोविंद, द्रोपद्री मुर्मू, संसद में ओम बिडला, जगदीप धनकड़ से लेकर केबिनेट–सुरक्षा–भूराजनैतिक–वित्तिय ताने–बाने का सारा सिस्टम निराकार चेहरों से मालिक के मूड अनुसार ऑटो मोड में संचालित। किसी के होने न होने का कोई अर्थ नहीं। जनाधार, हार्वड–ऑक्सफोर्ड–अंग्रेजी– वंशानुगत आभिजात्यतता आदि के मानदंड और उनसे चेहरों की पहचानकी तमाम बाते आउट। मैं इसे उपलब्धि मानता हूं क्योंकि यही तो बहुसंख्यक भारत का असल–भदेस सत्य और प्रतिनिधी है।

*राजकाज में हिंदी– नौ वर्ष की बड़ी उपलब्धि जो भारत सरकार, पीएमओ, केबिनेट, राष्ट्रपति भवन, नार्थ–साउथ ब्लाक, संसद में हिंदी का सर्वत्र उपयोग। यों नरेंद्र मोदी से पहले हिंदी दबी हुई नहीं थी लेकिन नौकरशाही और लुटियन दिल्ली के अंग्रेजीदा मीडिया ने हिंदी को बिना पॉवर की भाषा बनवाया हुआ था। नरसिंहराव– वाजपेयी के राज में भी हिंदी के उपयोग मेंसंकोच, हीनता, दुविधा थी। जबकि मोदी राज में हिंदी वोट और पॉवर का पर्याय है। इस सबका दूतावासों, कूटनीति, वैश्विक संवाद में धीरे–धीरे ही सही असर बन रहा होगा। कमी सिर्फ संयुक्त राष्ट्र की भाषा बनने की देरी से है।

*धारा–370 का खात्मा– समाज, देश, व्यवस्था और विश्व सबको मैसेज के नाते बडी उपलब्धि। जम्मू–कश्मीर का पुर्नगठन और धारा–370 की समाप्ति का निर्णय यों भाजपा–संघ परिवार के एजेंडे का घोषित वादा था। वैसे ही जैसे गोहत्या, समान नागरिक संहिता का है। मगर धारा–370 का फैसला इसलिए मील का पत्थर क्योंकि हर कोई मान रहा था कि ऐसा कर सकना राष्ट्र–राज्य के लिए संभव नहीं है। जबकि केंद्र सरकार के एक कागजी आदेश से ही धारा–370 लगने का फैसला हुआ था तो हटाने का फैसला भी चुटकी में संभव था वैसे ही जैसे हुआ है। उस नाते धारा–370 की समाप्ति मानों नामुमकिन का मुमकिन होना।

*चीन पर फोकस स्थाई (सुरक्षा)– भारत की रक्षा–समारिक नीति में चीन पर स्थाई फोकस मोदी काल की बड़ी बात है। पहले पाकिस्तान केंद्रीत कूटनीति और सैनिक तैयारियां थी। अब दोनों सीमाओं को ले कर सैनिक–सामरिक तैयारियां है। इस बारे में सीमावर्ती इलाकों के इंफास्ट्रक्चर, सैनिक चौकसी, कवायदों तथा सुरक्षा बलों के पुर्नगठन आदि के काम है तो वैश्विक साझा, खुफियाई सहयोग में जो हुआ है वह पर्याप्त न होते हुए भी काफी है। *लुटियन आउट, भदेस इन– नरेंद्र मोदी से देश की सत्ता देशज व भदेस बनी है। लुटियन दिल्ली में प्रगतिशीलता, धर्मनिरपेक्षता, आधुनिकता का जो अंग्रेजीदां प्रभुवर्ग पंडित नेहरू से बना था और विचार, विमर्श में समाजवादी, वामपंथी बुद्धीजीवियों और नौकरशाहों की जैसी मोनोपॉली थी वह या तो खत्म है या हाशिए में गई है या फिर मोदी की भदेस सत्ता की प्रोपेगेंडा दुकाने बन गई है। यों भाजपा (वाजपेयी–आडवाणी–जेतली–सुषमा आदि) भी लुटियन दिल्ली के एलिट का पार्ट हो गई थी लेकिन मोदी–शाह की आउटसाइडर सच्चाई, उसके प्रभावों से लुटियन दिल्ली का चरित्र बदला है तो वही सत्ता देशज, बिना विचार राजनीति की होने से क्रॉस खरीदफरोख्त की मंडी बनी है।

*अखिल भारतीय परीक्षाएं– मेरी राय में यह देश की शिक्षा व्यवस्था और घर–परिवार सभी के लिए दीर्घकालीन महत्व की बड़ी उपलब्धि। आखिर मेडिकल, इँजीनियरिंग, एमबीए, कॉलेज–विश्वविद्यालयों दाखिले में बच्चों और अभिभावकों को जैसी गलाघोट भागदौड़–मेहनत में उलझे रहना होता था उससे मुक्ति तो मिलती हुई होगी। अखिल भारतीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं की नई व्यवस्था में कुछ कमिया हो सकती है। संविधान में शिक्षा के राज्य अधिकार का भी तर्क है बावजूद नई व्यवस्था के भविष्य में बहुत फायदे है।

*तिलिस्म–होप– यह तिलिस्म की नित नए जुमलों, नित नए दर्शन–श्रृंगार और नए–नए तरीकों से लोगों में उम्मीद बनवाए रखना की अच्छे दिन आ रहे है। पिछले प्रधानमंत्रियों और नरेंद्र मोदी का बुनियादी फर्क यह है कि मोदी के जादुई पिटारे में न जुमले खत्म होते है और न भाषण। न डमरू–नगाड़ों का शोर घटता है। नतीजतन चौबीसों घंटे जनता और खास कर भक्तों को आशा के नए–नए झुले मिलते है। आजादी के बाद भारत की हर सरकार शासन करते हुए लोगों के मोहभंग, नाराजगी, आंदोलनों, एंटी इस्टेबलिसमेंट के गुस्से का शिकार हुई। लोग निराश–हताश होते थे। लेकिन नरेंद्र मोदी की यह उपलब्धि, है जो लोग, खास–कर भक्तगण वर्तमान की तकलीफों के बीच में आगे का यह बुरा सपना लिए हुए होते है कि यदि मोदी नहीं रहे तो क्या बचेगें? यदि मोदी नहीं होते तो अब तक क्या हो चुका होता? नागरिकों की इस मनोदशा को मैं उपलब्धि इसलिए करार दे रहा हूं कि हिंदुओं में उम्मीद की पोजिटिविटी बनी रहना ही बड़ी अनहोनी बात। मेरा मानना है कि उम्मीद–होप में या तो राजीव गांधी की सरकार बनी थी या नरेंद्र मोदी की। लेकिन मोदी की यह उपलब्धि जो उनके तिलिस्म से होप यथावत जिंदा।

*रैवडियां– नौ वर्ष की इस नाते खास बात कि कुछ भी हो सौ करोड लोगों को फ्री राशन, खाते में पांच सौ–हजार रू की चुस्कियां देते रहने का काम भारत में मोदी से पहले या दुनिया में किसी और देश में कहां हुआ है? पहले तमाम प्रधानमंत्री या दुनिया के बाकि देशों के मॉडल में संस्थागत विकास से जनता के विकास का आग्रह था और सभी देशों में है भी। हसीना वाजेद ने ऐसे ही कंगले बांग्लादेश का विकास कराया। पर नरेंद्र मोदी के नौ वर्षों में शायद ही कोई महिना या साल गुजरा हो जिसमें देश–प्रदेश के शासनों से, राजनीति के फार्मूलों में नई–नई रैवडियों के आईडिया नहीं बने हो। सिलेंडर की एक रेवड़ी मई 2023 में आज कितनी तरह की रेवडियों में कनवर्ट है!इसके असर के नाते सत्य है कि 140 करोड लोगों की भीड़ रेवड़ी की चुस्कीयों से ही संतुष्ट बनी हुई है।

ये, मेरे हिसाब की नौ उपलब्धियां है। कईयों के लिए सडक बनना, वैक्सीन लगना, नई ट्रैन चालू होना या योजनाएं उपलब्धि होगी। मगर हर सरकार के ये काम वैसे ही होते है जैसे हम पुरखों के अपने पुराने घर में नया बैठक खाना बनाते है। नई छत, शौचालय या रास्ता बनवाते है। असल बात नरेंद्र मोदी के बाद में पच्चीस–पचास साल बाद जब उनकी सरकार का मूल्यांकन होगा तो कसौटी यही होगी कि देश की सुरक्षा, चरित्र, राजनीति और सत्ता मिजाज मेंउनके काम कैसे थे।

# ट्रंप को बड़ी चुनावी चुनौती !

**श्रुति व्यास,**

राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनना अब डोनाल्ड ट्रंप के लिए आसान नहीं होगा। फ्लोरिडा के दक्षिणपंथी गवर्नर रोन डेसांटिस उनके खिलाफ मैदान में उतर आए है।उन्होने पार्टी की उम्मीदवारी हासिल करने के अपने अभियान की शुरुआत एकदम नए, मॉडर्न अंदाज़ में की है। वे ट्विटर के अरबपति मालिक एलन मस्क के साथ ट्विटर स्पेसेस पर लाइव हुए। एलन मस्क ने कहा कि चुनाव अभियान की यह शुरूआत अपनी तरह की एकदम अनोखी है।

ट्रंप में राह में केवल डेसांटिस ही रोड़ा नहीं है। भले ही जन सर्वेक्षणों में ट्रंप अपने प्रतिद्वंदियों से 30 पॉइंट आगे हों परन्तु उन्हें राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार नहीं बनने देने के लिए दृढ संकल्पित उनके प्रतिद्वंदियों की संख्या कम नहीं है।जबकि डेमोक्रेटिक पार्टी ने तय कर लिया है कि राष्ट्रपति जो बाइडन उसकी तरफ से चुनाव मैदान में उतरेंगे। परन्तु नवंबर2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में अपने उम्मीदवार का चयन रिपब्लिकन पार्टी प्राइमरी इलेक्शन्स के ज़रिये करेगी, जिनकी सीरिज अगले साल फरवरी से शुरू हो जाएगी।

रोन डेसांटिस, ट्रंप के सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी हैं। और जैसा कि सब को पता है, ट्रंप को किसी भी प्रकार के प्रतिद्वंद्वी पसंद नहीं हैं।ट्रंप सोशल मीडिया पर डेसांटिस पर लगातार तीखे हमले कर रहे हैं। वे उनकी नीतियों और उनके व्यक्तित्व दोनों पर हमलावर हैं।कभी ट्रंप ने ही डेसांटिस को गवर्नर बनवाया था। परन्तु अब वे उन्हें विश्वासघाती और निकम्मा बता रहे हैं। डेसांटिस द्वारा अपना चुनाव अभियान ट्विटर पर शुरू करने पर टिप्पणी करते हुए ट्रंप के एक सलाहकार ने 'पोलिटिकोइ से कहा, "डेसांटिस के लिए ट्विटर परफेक्ट है।



इस तरह न तो उन्हें आमजनों से मिलना पड़ा और ना ही मीडिया उनसे कोई प्रश्न पूछ पाई।"

मज़े की बात है यही ट्रंप2018 में डेसांटिस को फ्लोरिड़ा का गवर्नर बनवाने पर आमादा थे। कारण यह था कि डेसांटिस ने उस समय ट्रंप का बचाव किया था जब वे यूक्रेन के नेता वोलोदिमीर जेलेंस्की पर जो बाइडन के परिवार को जांच के घेरे में लेने के लिए दबाव डालने के आरोप में डेमोक्रेटिक पार्टी की पहल पर महाभियोग प्रस्ताव का सामना कर रहे थे। डेसांटिस ने उस समय भी ट्रंप की मदद की थी जब विशेष अभियोजक रॉबर्ट म्यूलर, 2016 के चुनावों को प्रभावित करने के रूस के प्रयासों के सिलसिले में ट्रंप को भी शक के घेरे में लेना चाहते थे। परन्तु हाल में जब उनसे पूछा गया कि क्या डेसांटिस को गवर्नर बनने में मदद करने पर उन्हें पछतावा है तब ट्रंप ने कहा, "हाँ शायद मैंने गलती की। ये आदमी निकम्मा और मंदबुद्धि है, इतना तो मैं कह ही सकता हूँ।"

तो रोन डेसांटिस क्या और कौन हैं?

जिस समय डेसांटिस गवर्नर पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने के लिए प्राइमरी चुनाव में उतरे थे उस समय उनकी कोई ख़ास पहचान नहीं थी। अपने चुनाव अभियान में उन्होंने ट्रंप की इतनी ज्यादा खुशामद की कि मीडिया और जनता में उनका मजाक बनने लगा। परन्तु इसी कारण वे ट्रंप का समर्थन हासिल करने में सफल रहे।ट्रंप के चलते वे फ्लोरिडा के गवर्नर बन सके। ऐसा लग रहा था कि गवर्नर के रूप में वे उसी तरह काम करेंगे जैसे ट्रंप राष्ट्रपति के रूप में कर रहे थे। परन्तु उन्होंने ऐसा नहीं किया। वे लोगों को बांटने वाले नेता और अक्षम प्रशासक से मध्यमार्गी नेता और लोगों का ख्याल रखने वाले प्रशासक बन गए। उनकी लोकप्रियता बढने लगी। कोविड महामारी के दौरान डेसांटिस देश के सबसे लोकप्रिय गवर्नरों में से एक थे। फ्लोरिडा जैसे ध्रुवीकृत प्रान्त में यह आसान नहीं था।

उनकी अच्छी छवि के कारण वे 2022 में एक बार फिर फ्लोरिडा के गवर्नर चुने गए। तभी से उन्होंने राष्ट्रपति के चुनाव में उतरने का मन बनाया। परन्तु दूसरे कार्यकाल में उनका दूसरा रूप सामने आया। बंदूकों और गर्भपात पर उनके विचार, नस्लीय और लैंगिक समानता पर जोर देने वालों की खिलाफत, डिज्नी वर्ल्ड के साथ उनके लम्बे युद्ध और 'विविधता, समानता और समावेशिताइ को सीमित करने के उनके प्रयासों के चलते उनकी रेटिंग्स गिरी हैं। यहाँ तक उनके कट्टर समर्थक भी हैरान हैं कि वे किस हद तक जा रहे हैं। उन्होंने लैंगिक पहचान और लिंग भेद पर चर्चा पर तीसरी क्लास (आयु 7–8 साल) तक प्रतिबन्ध लगाने वाले कानून को बारहवीं क्लास (आयु 17–18 साल) तक बढाने का प्रस्ताव किया। इस कानून को उनके आलोचक 'डोंट से गेइ बिल कहते हैं।

अमरीकी मीडिया का मानना है कि 2022 के बाद से डेसांटिस का जो रूप सामने आया है उसे देखकर ऐसा नहीं लगता कि वे एक बेहतर राष्ट्रपति साबित होंगे। डिज्नी के साथ उनके विवाद से साफ़ है उनकी प्रवृत्ति बदला लेने की है। इसके लिए वे किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। पहले ऐसा लगता था कि लैंगिक और नस्लीय समानता में विश्वास रखने वाले डिज्नी वर्ल्ड से लड़ाई वे आसानी से जीत जाएंगे। लेकिन अब वह लड़ाई उनके लिए एक मुसीबत बन गयी है क्योंकि डेसांटिस के कुछ साथी तक उनकी आलोचना कर रहे हैं। उनका कहना है कि व्यापार–व्यवसाय को बढ़ावा देने वाले राज्य को किसी कंपनी को सिर्फ इसलिए निशाना नहीं बनाना चाहिए क्योंकि वह खुल कर अपनी बात कह रही है। इसमें कोई शक नहीं कि डेसांटिस,ट्रंप के नक्शेकदम पर चलकर शाबाशी और तालियाँ हासिल करना चाहते हैं और हाँ, लोकप्रियता भी। यूक्रेन पर उनके विचार भी चौंकाने वाले हैं। उन्होंने यूक्रेन को अमेरिका के समर्थन को गलत बताया है। उनकी दृष्टि में यूक्रेन में चल रहा युद्ध केवल "ज़मीन का झगड़ा" है।

ऐसा लगता है डेसांटिस ही डोनाल्ड

**अमरीकी मीडिया का मानना है कि 2022 के बाद से डेसांटिस का जो रूप सामने आया है उसे देखकर ऐसा नहीं लगता कि वे एक बेहतर राष्ट्रपति साबित होंगे। डिज्नी के साथ उनके विवाद से साफ़ है उनकी प्रवृत्ति बदला लेने की है। इसके लिए वे किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। पहले ऐसा लगता था कि लैंगिक और नस्लीय समानता में विश्वास रखने वाले डिज्नी वर्ल्ड से लड़ाई वे आसानी से जीत जाएंगे। लेकिन अब वह लड़ाई उनके लिए एक मुसीबत बन गयी है क्योंकि डेसांटिस के कुछ साथी तक उनकी आलोचना कर रहे हैं।**

ट्रंप के लिए सबसे बड़ी और सबसे कठिन चुनौती हैं। जाहिर है कि उन्हें हर संभावित ट्रंप–विरोधी वोटर को अपने साथ लेना होगा। इपसोस द्वारा करवाए एक सर्वेक्षण से सामने आया है कि अधिक सम्भावना यही है कि डेसांटिस का समर्थन करने वाला मतदाता चाहेगा कि रूस के खिलाफ युद्ध में अमरीका मजबूती से यूक्रेन का साथ दे, यह न माने कि 2020 के चुनाव में गड़बडियाँ हुईं थीं और प्रगतिशील नीतियों का विरोध करे। ट्विटर पर चुनाव अभियान लांच करना एक बढिया आईडिया हो सकता है परन्तु अगर डेसांटिस को ट्रंप से पार पाना है तो ट्रंप के बराबर राजनैतिक धूर्तता दिखानी होगी।रिपलब्किन पार्टी का चुनाव– प्रचार हर दिन ज्याद दिलचस्प और गन्दला होता जा रहा है।

## चाकू के नोंक पर दो साल के बच्चे का अपहरण मां से दो माह तक आरोपी ने किया बलात्कार

**भोपाल,एजेंसी** । परवलिया थाना क्षेत्र की 25 वर्षीय महिला को जयपुर से बंधक बनाकर दो माह तक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने पहले दो साल के बच्चे का अपहरण किया फिर मां को मजबूर कर कार से अपहरण कर ले गया था। महिला आरोपी की बातों में फांसकर वापस भोपाल ले आई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक 14 मार्च को ग्रामीण क्षेत्र की महिला अपने दो साल के बच्चे को लेकर खेत पर जा रही थी। इसी दौरान सोनू वाल्मिकी ने रास्ते में मिल गया। उसने महिला के बच्चे को उठाकर उसकी गर्दन पर चाकू अड़ा दिया। इसके बाद महिला से बोला जैसा मैं कहूं करती जाओ, नहीं तो बच्चे को जान से मार दूंगा। आरोपी ने बुकिंग पर एक कार बुलाई और उसमें महिला और उसके बच्चे का अपहरण कर जयपुर ले गया। यहां पर एक कमरे में उसे बंद कर दिया। यह रोज महिला को उसके बच्चे की हत्या की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म करता था। महिला किसी को कुछ बोल न दे इसके लिए उस पर कड़ी नजर रखता था। महिला के पति ने उसके गुम होने की रिपोर्ट लिखाई थी। इस केस को सुलझाने का झांसा देकर महिला आरोपी की भोपाल ले आई। यहां उसने घरवालों को पूरा घटनाक्रम सुनाया।

## 25 जून को ग्वालियर में आप की महारैली, केजरीवाल आएंगे

**भोपाल,एजेंसी** । विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आम आदमी पार्टी मप्र में महारैलियां करने जा रही है। इसकी शुरुआत 25 जून को ग्वालियर से होगी, जहां पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल महारैली को संबोधित करेंगे। महारैली में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी मौजूद रहेंगे। पार्टी के संगठन महासचिव डॉ. संदीप पाठक ने जबलपुर में पहली महारैली के बारे में जानकारी दी। पार्टी पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में जबलपुर पहुंचे डॉ. पाठक ने कहा कि पार्टी प्रदेश में भ्रष्टाचार, शिक्षा और चिकित्सा सुविधाओं जैसे मुद्दो पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि हम कितनी सीटें जीतेंगे यह दावा नहीं करते। उन्होंने कहा कि हम तो मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएंगे बाकी काम जनता का है। इससे पहले उन्होंने नवनियुक्त करीब पांच हजार पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

## यमुना में डूबी दो बहनें, मौत, काफी मशक्कत के बाद पानी से निकाले गए

**प्रयागराज एजेंसी** । जमुना नगर में लालापुर थाना क्षेत्र के नौडिया तरहार गांव मैं सोमवार को यमुना नदी में डूबने से दो किशोरियों की मौत हो गई दोनों कई लड़कियों के साथ यमुना में स्नान करने के लिए गई थी इस बीच गहराई में चली जाने से डूब गई शोरगुल होने पर घाट पर मौजूद युवकों ने काफी मशक्कत के बाद दोनों के शव को बरामद किया इस घटना से दोनों परिजनों में चीख–पुकार मच गई है घाट पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।जानकारी के अनुसार नौडिया तरहार गांव निवासी अंबरीश उर्फ दीपू द्विवेदी की पुत्री प्रिया (16) और दिनेश उर्फ पप्पू द्विवेदी की पुत्री परी (15) स्नान करने के लिए सुबह करीब 9:30 बजे यमुना नदी के घाट पर गई थी उसके साथ गांव की और लड़कियां और महिलाएं थी स्नान के दौरान गहराई में चली जाने के कारण दोनों डूबने लगी यह देख साथ में स्नान कर रही लड़कियां ने शोरगुल मचाना शुरू कर दिया घाट पर मौजूद कुछ युवकों ने नदी में कूदकर दोनों को खोजबीन शुरू कर दी सूचना पाकर परिवार और गांव के लोग भी घाट पर पहुंच गए कई घंटों की मशक्कत के बाद दोनों का शव नदी से बरामद किया गया यह देख परिवार के लोगों का रोते–रोते बुरा हाल है।

# लापता हुए भारतीय मूल के सिंगापुर के एवरेस्ट पर्वतारोही का नहीं चला पता

**सिंगापुर ,एजेंसी।** 19 मई को माउंट एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचे सिंगापुर के एक भारतीय मूल के पर्वतारोही का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पर्वतारोही की पत्नी ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में यह जानकारी दी। 39 वर्षीय श्रीनिवास सैनिस दत्तात्रेय 1 अप्रैल को माउंट एवरेस्ट के लिए रवाना हुए थे और 4 जून को स्वदेश लौटने वाले थे। उन्होंने 19 मई को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ाई की, लेकिन अपनी पत्नी को बताया कि उसकी पहाड़ से नीचे उतरने की संभावना नहीं है।



विभिन्न पर्वत चोटियों पर श्रीनिवास की तस्वीरों के साथ अपना संदेश देते हुए, उनकी पत्नी सुषमा सोमा ने कहा, वह 39 वर्ष के थे, और वे निडर होकर और पूरी तरह से जीते थे। उन्होंने समुद्र की गहराई का पता लगाया और पृथ्वी की सबसे अधिक ऊंचाई नापी।

और अब, श्री पहाड़ों में हैं, जहां उन्हें ज्यादा घर जैसा महसूस हुआ।

श्रीनिवास के अभियान का सह–आयोजन करने वाली कंपनियों में से एक नेपाल गाइड ट्रेक्स एंड एक्सपेडिशन ने पहले बताया तीन–तीन शेरपाओं का समूह श्रीनिवास की तलाश कर रहा है।

पर्वतारोही एक ही अभियान में माउंट एवरेस्ट और फिर माउंट ल्होत्से को फतह करने के उद्देश्य से सिंगापुर से निकला था।

सोमा के अनुसार, वह ऐसा करने वाले दक्षिण पूर्व एशिया के कुछ गिने–चुने लोगों में से एक और सिंगापुर के पहले भारतीय होते।

उन्होंने कहा, जिस तरह से उन्होंने किया, उसके जैसे सपने देखने की हिम्मत बहुत कम लोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उनके पति विवेकवान, सावधानी और तेज थे।

मनसलू के 8,163 मीटर की ऊंचाई नापने के साथ ही वह हर साल एक ऊंचे पहाड़ पर चढ़ते थे। नेपाली हिमालय में स्थित मनासलू दुनिया का आठवां सबसे ऊंचा पर्वत है।

उन्होंने कहा, मैंने एक कार्यकारी निदेशक के रूप में अपनी कार्य प्रतिबद्धताओं का प्रबंधन करते हुए इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए प्रशिक्षण में उनका ध्यान, कठोरता और अनुशासन देखा।

पिछले हफ्ते एक बयान में, सिंगापुर के विदेश मंत्रालय (एमएफए) ने परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

सिंगापुर मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा, नई दिल्ली में सिंगापुर उच्चायोग परिवार के निकट संपर्क में है और इस कठिन समय के दौरान परिवार को सहायता और समर्थन देना जारी रखेगा।

## बच्चा चोर होने के शक में बुर्का पहने शख्स को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कानपुर , एजेंसी।** बुर्का पहनकर बाहर निकले एक व्यक्ति को बच्चा चोर होने के शक में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जांच में पता चला है कि वह व्यक्ति वास्तव में अपनी प्रेमिका से मिलने निकला था।

पूछताछ के दौरान व्यक्ति ने अपनी पहचान औरैया जिले के जगन्नाथपुर गांव निवासी शमशुद्दीन के पुत्र अंसार के रूप में बताई।

यह पूछे जाने पर कि उसने बुर्का क्यों पहना है, उसने कहा कि वह अपनी प्रेमिका से मिलने घाटमपुर आया था और उसने बुर्का इसलिए पहना ताकि लड़की के घरवाले उसे पहचान न सकें।प्रेमिका से मिलने के बाद जब अंसार घर लौट रहा था, तो रास्ते में कुछ लोगों ने उसे रोक लिया और बुर्का हटा दिया। वे उसे बच्चा चोर समझकर ले गए और पुलिस को सूचना दी, जिसने उसे हिरासत में ले लिया।

# कश्मीर में भी चुनाव की आहट! सियासी गहमागहमी हुई शुरू

**नई दिल्ली एजेंसी**। जम्मू–कश्मीर में चुनावी माहौल बनने लगा है। सियासी जानकारों का मानना है गुलाम नबी आजाद घाटी में धारा 370 की वकालत करते हुए केंद्र सरकार का जितना विरोध करेंगे, उतना ही वोटों का बंटवारा होगा और भाजपा को फायदा होगा। राजनीतिक विषेशज्ञ कहते हैं कि फारूक अब्दुल्ला से लेकर महबूबा मुफ्ती लगातार धारा 370 की वकालत कर रहे हैं।

जम्मू–कश्मीर में चुनावी माहौल बनने लगा है। बीते कुछ दिनों से जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के मुखिया गुलाम नबी आजाद घाटी के अलग–अलग क्षेत्रों में जाकर सियासी रैलियां और जनता से संवाद स्थापित कर रहे हैं। गुलाम नबी आजाद की पार्टी के वरिष्ठ नेता अहमद शहजाद कहते हैं कि जम्मू कश्मीर में तो अब परिसीमन भी हो गया है। ऐसे में घाटी की राजनीतिक पार्टियों को किसी भी वक्त चुनाव के लिए तो तैयार रहना ही पड़ेगा। गुलाम नबी आजाद की पार्टी ने रविवार को घाटी में बैठक कर अपने चुनावी एजेंडे के साथ आगे की रणनीति पर काम भी करने का एलान कर दिया है। पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि उनकी पार्टी घाटी में 370 हटाने से पहले वाले कश्मीर की वकालत कर रही है। इसी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए पार्टी ने डोर टू डोर कैंपेन का भी पूरा प्लान तैयार कर लिया है।

पीडीपी की नेता महबूबा मुफ्ती घाटी के प्रसिद्ध खीर भवानी मंदिर में जाकर माथा टेक आई हैं। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के मुखिया गुलाम नबी आजाद रैलियां शुरू कर चुके हैं। इन रैलियों में वह धारा 370 हटाने से पहले के कश्मीर की मांग करने लगे हैं।

# पहलवानों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर यूपी विपक्ष ने केंद्र पर साधा निशाना

**लखनऊ,एजेंसी।** समाजवादी पार्टी (सपा), राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जंतर–मंतर धरना स्थल से दिल्ली पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारी पहलवानों को हिरासत में लिए जाने को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना की है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, इस घटना से स्पष्ट होता है कि महिला सुरक्षा और सम्मान पर भाजपा के सभी नारे खोखले थे और केवल महिलाओं के वोट हड़पने के लिए थे। सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा, तर्क, मंशा या निष्कर्ष जो भी हो, दृश्य दुर्भाग्यपूर्ण है, देश की बेटियां तिरंगे के साथ।



शिवपाल ने एक महिला पहलवान की तस्वीर भी पोस्ट की और एक तिरंगा जिस पर वह गिरी हुई थी और पुलिस उसे घसीट रही थी।

सपा के एक अन्य राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने ट्वीट किया, भाजपा राजशाही की ओर बढ़ रही है। प्रधानमंत्री जी जब आप अपना राज्याभिषेक करवा रहे थे, तब देश की विश्वविजयी बेटियां पिट रही थीं। वे बहादुर बेटियां हैं जिन्होंने ओलंपिक में स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक जीते हैं और देश को दुनिया भर में गौरवान्वित किया है। इसलिए कृपया बेटियों का अपमान करना बंद करें।

रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा, निरंकुशता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

यूपी कांग्रेस के बयान में कहा गया है, महिला पहलवान विनेश फोगट, हिरासत में लिए जाने के तुरंत बाद, 'नए देश के लिए बधाईइ चिल्लाईं! तो, भारत के प्रिय नागरिकों, आपको नए देश की झलक कैसी लगी?

यूपीसीसी ने वीडियो पोस्ट किया, जिसमें विनेश फोगट पुलिस बस की खिड़की से नया देश मुबारक हो! चिल्ला रही हैं।

कई पहलवानों और उनके समर्थकों को रविवार को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया, क्योंकि वे एक नाबालिग सहित महिला पहलवानों का यौन उत्पीडऩ करने के आरोप में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नए संसद भवन की ओर मार्च करने की कोशिश कर रहे थे।

पहलवानों ने रविवार को महिला महापंचायत बुलाई थी, जिसकी अनुमति उनके पास नहीं थी।

## गुवाहाटी में भीषण हादसा, बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराई स्कॉर्पियो, 7 इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स की मौत

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के गुवाहाटी के जलुकबाड़ी इलाके में बीती देर रात हुए बड़ा सड़क हादसा हो गया। इसमें कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। बताया जा रहा है हादसे में जान गंवाने वाले लोग एक स्कॉर्पियो कार में सवार थे, उनकी गाड़ी बेकाबू होकर डिवाइडर पर टकरा गई थी। गुवाहाटी के संयुक्त पुलिस आयुक्त थुबे प्रतीक विजय कुमार ने मीडिया को बताया कि शुरुआती जांच के मुताबिक पुलिस ने पाया है कि मरने वाले छात्र हैं। यह घटना जलुकबाड़ी इलाके में हुई थी।

पुलिस ने बताया कि ये भीषण सड़क हादसा जलुकबाड़ी फ्लाईओवर पर रविवार रात को हुआ. इस सड़क हादसे में असम इंजीनियरिंग कॉलेज (एईसी) के कम से कम सात छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई. सूत्रों ने बताया कि छात्र एक स्कॉर्पियो कार में यात्रा कर रहे थे. सड़क दुर्घटना स्कॉर्पियो कार के चालक के गाड़ी पर कंट्रोल खो देने के बाद हुई.

# ब्रिटेन ने टीपू सुल्तान की बंदूक के निर्यात पर लगाई रोक

**लंदन , एजेंसी।** ब्रिटेन ने मैसूरु के शासक टीपू सुल्तान के लिए बनाई गई 18वीं सदी की एक बंदूक के निर्यात पर रोक लगा दी है। इस फ्लिंटलॉक बंदूक की कीमत 20 लाख पाउंड है। सरकार चाहती है कि इसका खरीददार ब्रिटेन से ही हो ताकि इसे सार्वजनिक अध्ययन और शिक्षा के लिए देश में ही रखा जा सके। शूटिंग खेलों के लिए डिजाइन की गई 14–बोर की बंदूक भारत में असद खान मुहम्मद ने 1793 और 1794 के बीच टीपू सुल्तान के लिए बनाई थी।

यह बंदूक 138 सेंटीमीटर लंबी है और मजबूत लकड़ी से बनी है। इस पर चांदी की जड़ी गई है। इस बैरल स्टील से बना है जिसे छेनी से काटकर उसमें सोना और चांदी भरी गई है।

व्हिटली बे के कला और विरासत मंत्री लॉर्ड पार्किं सन ने टीपू सुल्तान की फ्लिंटलॉक स्पोर्टिंग गन के निर्यात पर इस उम्मीद में रोक लगाई है कि इसे ब्रिटेन में सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए रखा जा सके।

पार्किं सन ने कहा, यह दिखने में आकर्षक बंदूक अपने–आप में एक महत्वपूर्ण प्राचीन वस्तु है। साथ ही ब्रिटेन और भारत के बीच महत्वपूर्ण, साझा इतिहास का एक उदाहरण है। उन्होंने कहा, मुझे आशा है कि इसे अधिक से अधिक लोगों के साथ साझा किया जा सकता है और एक भयानक काल, जिसने हमारे दोनों देशों को आकार दिया, की हमारी समझ को गहरा करने के लिए उपयोग किया जाता है। मैसूरु के टाइगर के रूप में मशहूर टीपू सुल्तान एंग्लो–मैसूर युद्धों के दौरान ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी और उसके सहयोगियों के एक धुर विरोधी थे। वह 4 मई, 1799 को श्रीरंगपट्टम (श्रीरंगपटना) के अपने गढ़ की रक्षा करते हुए मारे गए थे।

उनकी मृत्यु के बाद उनके विशिष्ट व्यक्तिगत हथियार प्रमुख सैन्य हस्तियों को दिए गए। यह बन्दूक जनरल अर्ल कार्नवालिस को भेंट की गई थी, जो पहले 1790 और 1792 के बीच टीपू से लड़े थे।

विशेषज्ञ समिति ने बंदूक को सौन्दर्य महत्व के साथ–साथ टीपू सुल्तान और उसके दरबार के अध्ययन के लिए, लॉर्ड कार्नवालिस के लिए, ब्रिटिश इतिहास के लिए और तीसरे एंग्लो–मैसूरियन युद्ध के समापन के लिए महत्वपूर्ण पाया। इसका मूल्यांकन वेवरली ऋइटेरिया पर आधारित है, जिसे 1952 में कला और सांस्कृतिक वस्तुओं पर निर्णय लेने के लिए स्थापित किया गया था, जो उन्हें देश में रखने के प्रयासों के हकदार हैं। विशेषज्ञ समिति के सदस्य क्रिस्टोफर रोवेल के अनुसार, बंदूक बेहद सुंदर है, और इसकी तकनीकी रूप से उन्नत प्रणाली बिना रिलोड किए एक ही बैरल से दो शॉट दागने में सक्षम थी।

## रूस ने अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम को वांटेड लिस्ट में डाला

**मास्को ,एजेंसी।** रूस के गृह मंत्रालय ने अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम को वांटेड लिस्ट में डाल दिया। रूस के खिलाफ टिप्पणी के लिए दक्षिण कैरोलाइना रिपब्लिकन नेता को इस लिस्ट में डाला गया है। 9 जुलाई, 1955 को जन्मे एक अमेरिकी नागरिक लिंडसे ओलिन ग्राहम रूसी आपराधिक संहिता की एक धारा के तहत वांछित हैं।सीनेटर के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही का आदेश समिति के प्रमुख अलेक्जेंडर बास्ट्रीकिन ने दिया।26 मई को कीव की यात्रा के दौरान, ग्राहम ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की से कहा कि युद्ध में रूसी मर रहे हैं।

# अनुराग ठाकुर का दावा– 300 सीटें जीतेगी बीजेपी, कहा– अमेरिका–यूरोप के मुकाबले भारत में महंगाई नियंत्रित

**नई दिल्ली एजेंसी**। केंद्रीय युवा एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने दावा किया है कि नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार 2024 में भी जीतकर सत्ता बरकरार रखेगी। उन्होंने कहा कि इस बार भी हम 300 से अधिक सीटें जीतेंगे। खेल मंत्री का कहना है कि भाजपा समाज के सशक्तिकरण विश्वास करती है न कि तुष्टिकरण में।

केंद्र सरकारी की उपलब्धियां गिनाईं

केंद्र की मोदी सरकार के नौ साल साल पूरे होने पर खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस संबोधित की। ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार ने जरूरतमंदों को 3.5 करोड़ घर दिए हैं। हमने 11.72 शौचालय पूरे देश में बनवाए। 9.6 करोड़ लोगों को गैस कनेक्शन दिए। 60 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त इलाज तो 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के सबको दिया, फिर चाहे वह भाजपा शासित राज्य हों या फिर गैर भाजपा शासित राज्य। हमने पूरे देश में योजनाओं को लागू किया। हमने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को 10 प्रतिशत का आरक्षण दिया। अनुराग ठाकुर ने प्रेस को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उनका कहना है कि 2014 से पहले कांग्रेस ने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बना लिया था। लेकिन भाजपा ने नौ सालों में सिर्फ विकास किए। कल्याणकारी योजनाएं लागू की। आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे बुनियादी संस्थाओं का निर्माण करवाया। हमारी सरकार सिर्फ जनता की सेवा करने में विश्वास करती है। लेकिन विपक्ष सिर्फ राजनीति में विश्वास करता है। इसलिए हमें पूर्ण रूप से आश्वस्त हैं कि हम एक बार फिर 300 से अधिक सीटें जीतकर सत्ता और जनता की सेवा बरकरार रखेंगे।

कांग्रेस पर हमला बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 से पहले नियमित घोटाले उजागर होते थे। कांग्रेस ने गरीबी हटाने के लिए नारा दिया लेकिन गरीबी नहीं हटाई। हमारी सरकार ने 27 प्रतिशत लोगों को गरीबी से उबारा है। हमने गरीबों की सुरक्षा सुनिश्चित कर उनका सम्मान किया। आज हर भारतीय को लगता है कि नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार उनकी अपनी सरकार है।

मंत्री ठाकुर ने मल्लिकार्जुन खरगे के उस दावे को भी सिरे से नकार दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि महंगाई बढ़ गई है। ठाकुर ने कहा कि अगर महंगाई है तो आंकड़े लाएं और उसे स्पष्ट करें। ठाकुर ने बताया कि आज भारत में महंगाई की स्थिति अमेरिका और यूरोपीय देशों सहित तमाम विकसित देशों से बेहतर है। विश्व में जब कोई संकट नहीं था तब उस दौरान कांग्रेस शासन में 12 से 14 प्रतिशत महंगाई थी। कांग्रेस को पहले अपनी सरकार के आंकड़े देखना चाहिए।

## हाल के महीनों में श्रीलंकाई रुपया यूएस डॉलर के मुकाबले हुआ मजबूत

**कोलंबो , एजेंसी।** श्रीलंका के सेंट्रल बैंक ने कहा है कि स्थानीय रुपया (एलकेआर) 26 मई तक अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 19.8 प्रतिशत मजबूत हुआ। श्रीलंकाई रुपया इस समय सीमा के दौरान विभिन्न मुद्राओं के मुकाबले मजबूत हुआ है। जापानी येन के मुकाबले 26.4 प्रतिशत, ब्रिटिश पाउंड के मुकाबले 17 प्रतिशत, यूरो के मुकाबले 18.9 प्रतिशत और भारतीय रुपये के मुकाबले 19.7 प्रतिशत एलकेआर मजबूत हुआ।मार्च 2022 में 202 प्रति डॉलर से एलकेआर नाटकीय रूप से गिरकर लगभग 360 हो गया था।

# अमित शाह के दौरे से पहले मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, पुलिसकर्मी सहित 5 की मौत

**इंफाल एजेंसी**। मणिपुर में फिर हिंसा की आग भड़क गई है। ताजा हिंसा की घटनाओं में एक पुलिसकर्मी समेत 5 लोगों की मौत हो गई है। वहीं 12 लोग घायल हुए हैं। राज्य के विभिन्न इलाकों में हिंसा भड़कने के बाद हुई फायरिंग की घटनाओं में लोगों की मौत हुई है।

यही नहीं सेना और पुलिस की कार्रवाई में बीते 4 दिनों में 40 उग्रवादी भी ढेर किए गए हैं। सीएम बीरेन सिंह ने रविवार को ही बताया था कि मणिपुर में 40 सशस्त्र कूकी उग्रवादियों को मार गिराया गया है। मणिपुर में 3 मई के बाद से ही हिंसा का दौर जारी है। राज्य की राजधानी इम्फाल के आसपास बसे मैतेई समुदाय और पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले कूकी समुदायों के बीच यह हिंसा चल रही है। इसकी वजह मणिपुर हाई कोर्ट का एक फैसला बना है, जिसमें उसने सरकार को सलाह दी थी कि उसे मैतेई समुदाय को एसटी का दर्जा देने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजना चाहिए।

इस प्रस्ताव को लेकर कूकी समुदाय भड़क गए थे और उन्होंने इसके खिलाफ रैली निकाली थी। उस रैली के दौरान हिंसा भड़क गई थी और तब से हालात को संभाला नहीं जा सका है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मणिपुर की हिंसा में अब तक 79 लोग मारे जा चुके हैं। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि कूकी उग्रवादी हथियारों से लैस हैं और वे हिंसा को बढ़ा रहे हैं। हालात इतने खराब हैं कि राज्य के विधायकों और मंत्रियों तक को उपद्रवी नहीं बख्श रहे हैं और उनके घरों में हमले किए जा रहे हैं।

राज्य में 3 मई के बाद से ही कई इलाकों में कर्फ्यू लगा है। बीते दिनों कुछ राहत दी भी गई थी, लेकिन फिर से हिंसा का दौर शुरू होने के बाद एक बार फिर सख्ती बढ़ाई गई। जैसे इम्फाल वेस्ट और इम्फाल ईस्ट जिलों में कर्फ्यू में ढील देते हुए सुबह 5 बजे से शाम 4 बजे तक लोगों को अनुमति दी गई थी। लेकिन अब इस टाइम को घटा दिया गया है और लोगों को सुबह 11:30 बजे तक ही घर से बाहर निकलने की परमिशन है। इसके अलावा बिष्णुपुर में भी कर्फ्यू में ढील सुबह 5 बजे से 2 बजे की बजाय 12 बजे तक ही रहेगी।

बता दें कि मणिपुर में जारी हिंसा का समाधान निकालने के लिए होम मिनिस्टर अमित शाह आज राज्य के दौरे पर रहेंगे।

इस दौरान वह राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के अलावा अन्य मंत्रियों एवं अहम संगठनों के लोगों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान वह हिंसा से निपटने और सुलह का रास्ता क्या हो सकता है। इस पर विचार करेंगे। उनका दौरा मणिपुर हिंसा से निपटने के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

## वायुसेना के अपाचे हेलीकॉप्टर की भिंड में इमरजेंसी लैंडिंग

**भिंड एजेंसी,(एजेंसी)**। भिंड में एयरफोर्स के अपाचे हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। जखमौली गांव के नजदीक सिंध नदी के बीहड़ में एयरफोर्स के अपाचे हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कर उतारा गया। इमरजेंसी लैंडिंग की सूचना मिलते ही ऊमरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। भारतीय वायु सेना ने खुद इसकी जानकारी दी। मौके पर नयागांव, ऊमरी थाना पुलिस मौजूद है।शुरुआती जानकारी के अनुसार, टेक ऑफ करते समय लड़ाकू अपाचे हेलीकॉप्टर में कुछ तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसके बाद दोनों पायलटों ने हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करने का निर्णय लिया। पायलटों ने इसे भिड़ के बीहड़ में एक खेत में उतारा।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने मृत्युदंड की एनआईए की याचिका पर यासिन मलिक को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली एजेंसी**। दिल्ली हाईकोर्ट ने जम्मू एंड कश्मीर लिब्रेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) प्रमुख यासिन मलिक को एनआईए की एक याचिका के संबंध में नोटिस भेजा है जिसमें आतंक के लिए धन मुहैया कराने के एक मामले में उसे मृत्युदंड देने की मांग की गई है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के लिए अपील करते हुए, भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तर्क दिया कि यह दुर्लभतम मामला था।उच्च न्यायालय ने यासिन की मौत की सजा पर विधि आयोग की सिफारिशें भी मांगी हैं। एक विशेश एनआईए अदालत ने मई 2022 में मलिक को आतंक के लिए धन मुहैया कराने के 2017 के एक मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई थी। विशेष न्यायाधीश प्रवीण सिंह ने गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत सजा सुनाई थी जो जीवनपर्यंत चलेगी। पिछले साल पटियाला हाउस कोर्ट में कड़ी सुरक्षा के बीच टेरर फंडिंग मामले में सजा सुनाई गई थी। पिछले साल निचली अदालत में सुनवाई के दौरान मलिक ने कहा था, मैं किसी भी चीज की भीख नहीं मांगूंगा। मामला इस अदालत के समक्ष है और मैं इसका फैसला अदालत पर छोड़ता हूं। उसने अदालत को बताया था, अगर मैं 28 साल में किसी आतंकवादी गतिविधि या हिंसा में शामिल रहा हूं, अगर भारतीय खुफिया तंत्र इसे साबित करता है, तो मैं भी राजनीति से संन्यास ले लूंगा।

# प्रणय ने जीता करियर का पहला वर्ल्ड टूर खिताब




कुआलालंपुर । भारतीय शटलर एचएस प्रणय ने मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में चीन के वेंग होंग यांग की चुनौती को पार करते हुए अपने करियर का पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीत लिया। प्रणय ने एक घंटे 34 मिनट तक चले थका देने वाले मुकाबले में यांग को 21–19, 13–21, 21–18 से मात दी।

पहली बार यांग का सामना कर रहे प्रणय ने मुकाबले की चौकस शुरुआत की और पहले गेम में ब्रेक तक 11–10 की बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद प्रणय 15–12 की बढ़त लेने में सफल रहे, लेकिन चीनी खिलाड़ी ने भी मज़बूत वापसी की और लगातार तीन अंक बनाते हुए स्कोर बराबर कर दिया।

प्रणय ने अपने फोरहैंड पर भरोसा दिखाया और बढ़त की स्थिति में लौटकर पहला गेम 21–19 से जीतने में सफल रहे।

दूसरा गेम प्रणय के लिये अपेक्षाकृत मुश्किल साबित हुआ। यांग ने 1–0 से पिछडने़ के बाद दमदार शुरुआत की और शुरुआती अंकों के लिये खींचा–तानी के बाद चीनी शटलर लगातार छह अंक बनाते हुए 17–10 से आगे हो गये। प्रणय ने गेम के अंतिम क्षणों में थोड़ा संघर्ष दिखाया लेकिन यांग को 21–13 की जीत हासिल करने से नहीं रोक सके।

मुकाबला जैसे ही तीसरे गेम में पहुंचा, दोनों खिलाडि़यों ने अपनी 100 प्रतिशत क्षमता का प्रदर्शन करते हुए लंबी रैलियां खेलीं। एक समय पर 5–7 से पिछड़े हुए प्रणय एक बार फिर ब्रेक तक 11–10 की बढ़त बनाने में सक्षम रहे।

प्रणय ने 14–11 और 16–13 पर दो बार तीन–तीन अंकों की बढ़त बनायी, लेकिन दोनों बार ही उन्होंने यांग को मैच में वापस आने का मौका दिया। प्रणय जब 17–16 से आगे थे तब उन्होंने फोरहैंड से एक पॉइंट बनाया, लेकिन उनकी दो अप्रत्याशित गलतियां के कारण यांग ने 18–18 पर बराबरी कर ली।

अंततः प्रणय का फोरहैंड ही उनके काम आया और उन्होंने इस ज़ोरदार शॉट का इस्तेमाल करते हुए कोर्ट के दोनों छोरों पर एक–एक अंक अर्जित करते हुए चैंपियन पॉइंट अर्जित किया, और तीसरे शॉट पर उसे जीत में बदलने में कामयाब हुए। मलेशिया मास्टर्स पैरिस ओलंपिक चलीफिकेशन का पहला बीडब्ल्यूएफ टूर्नामेंट थे। इससे मिलने वाले अंक 2024 ओलंपिक में पहुंचने के लिये महत्वपूर्ण होंगे।

## सीएसके के धुरंधर बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने किया संन्यास का ऐलान, आज खेल रहे आखिरी मैच

चेन्नई । चेन्नई सुपरकिंग्स के अनुभवी बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने आईपीएल से संन्यास का ऐलान कर दिया है। अंबाती रायुडू आज अपना आखिरी मैच खेल रहे हैं। रायुडू ने ट्वीट करते हुए अपने दोनों टीमों चेन्नई सुपरकिंग्स और मुंबई इंडियंस को धन्यवाद कहा। रायुडू ने यह भी कहा कि इस बार वह अपने फैसले को नहीं बदलेंगे।

अंबाती रायुडू ने ट्वीट में लिखा, दो बड़ी टीमें मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपरकिंग्स, 204 मैच, 14 सीजन, 11 प्लेऑफ, आठ फाइनल, पांच ट्रॉफी। उम्मीद है कि आज रात छठी ट्रॉफी मिलेगी। यह एक शानदार सफर रहा है। मैंने यह फैसला किया है कि आज वाला फाइनल मैच आईपीएल में मेरा आखिरी मैच होगा। मैंने इस टूर्नामेंट में खेलने का आनंद हमेशा उठाया। आप सभी का शुक्रिया।चेन्नई सुपरकिंग्स के अंबाती रायुडू को पांच बार आईपीएल ट्रॉफी उठाने का मौका मिला है। वह 2013, 2015 और 2017 में खिताब जीतने वाली मुंबई इंडियंस की टीम के सदस्य थे।

# नीरज, श्रीशंकर ने पहलवानों की दुर्गति पर जताया दुख



नयी दिल्ली ,। टोक्यो ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा और बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पद विजेता मुरली श्रीशंकर ने प्रदर्शनकारी पहलवानों को दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिये जाने पर निराशा व्यक्त की है।

भाला फेंक एथलीट नीरज ने रविवार को ट्विटर पर पहलवानों के हिरासत में लिये जाने के एक वीडियो पर टिप्पणी की, यह देखकर मुझे बहुत दुख हो रहा है। इससे निपटने का एक बेहतर तरीका होना चाहिये।

वीडियो में देखा जा सकता है कि पुलिस बल का प्रयोग करते हुए पहलवानों को हिरासत में ले रही है।

इसी बीच, लंबी कूद एथलीट श्रीशंकर ने पहलवानों के साथ दिल्ली पुलिस के बर्ताव को ह्यबर्बरह्ल करार दिया।

श्रीशंकर ने ट्वीट किया, बेहद बर्बर! हमारे चैंपियन इसके हकदार नहीं थे। ओलंपिक में विजय का सपना देखने वाले एक एथलीट के तौर पर, यह तस्वीर (मेरे मस्तिष्क पर) बहुत गहरे घाव छोड़ेगी।

पहलवानों ने नये संसद भवन तक पदयात्रा करने और ह्यमहिला महापंचायतह्ल आयोजित करने की योजना बनायी थी। यह महापंचायत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भवन के उद्घाटन के साथ होनी थी।

पहलवानों को शुरू में जंतर–मंतर में प्रदर्शन स्थल से निकलने की अनुमति दी गयी लेकिन जैसे वे सुरक्षा बैरिकेड्स से आगे नहीं जा सके। पहलवान जंतर–मंतर रोड से आगे नहीं जा सके और बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक तथा विनेश फोगाट सहित दूसरे प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया गया।

साक्षी के अकाउंट से उनकी टीम द्वारा किये गये एक ट्वीट के अनुसार, पुलिस ने प्रदर्शन स्थल से पहलवानों के तंबू भी हटाना शुरू कर दिये थे।

उल्लेखनीय है कि देश के कई नामचीन पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में कैसरगंज लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के सांसद बृजभूषण पर एक नाबालिग सहित सात महिला पहलवानों के यौन शोषण का आरोप है।

# इंग्लैंड में भी आईपीएल फाइनल का बुखार



नई दिल्ली, चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटन्स के बीच आईपीएल 2023 का फाइनल में खेला जा रहा है। मैच 28 मई को प्रस्तावित था, लेकिन बारिश होने के चलते मैच रिजर्व डे में खेला जा रहा है। आईपीएल के दुनिया भर में फैंस हैं, लेकिन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलने गई भारतीय टीम भी आईपीएल मैच का आनंद लेते हुए दिखाई दिए।

दरअसल, भारतीय टीम के कोच राहुल द्रविड़ के साथ कुछ खिलाड़ियों का बैच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए इंग्लैड पहुंच गए हैं। वहां, टीम इंडिया फाइनल से पहले प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा ले रही है। प्रैक्टिस के लिए जाते हुए टीम की कुछ तस्वीरें बीसीसीआई ने अपने ट्वीटर हैंडल पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में टीम आईपीएल फाइनल देखते हुए दिखाई दे रही है।

**स्टॉफ के साथ इंग्लैंड पहुंचे हैं खिलाड़ी**

इसके अलावा कोच राहुल द्रविड़ और टीम के खिलाड़ियों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें भारतीय खिलाड़ी शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, और उमेश यादव अतरंगी अंदाज में अभ्यास करते दिखे। दरअसल, खिलाड़ी सपोर्ट स्टॉफ के साथ एक सर्कल बनाकर गेंद को एक–दूसरे के तरफ फेंकते हुए नजर आ रहे हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड द्वारा साझा किया गया। यह वीडियो फैंस के बीच खूब सुर्खियां बटोर रहा है।

**रिजर्व डे पर आईपीएल फाइनल**

गौरतलब हो कि चेन्नई और गुजरात टाइटन्स के बीच अहमदाबाद में आईपीएल 2023 का फाइनल मैच खेला जा रहा है। टॉस जीतकर चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने फील्डिंग करने का निर्णय लिया। 28 मई को हुई बारिश के चलते मैच रिजर्व डे में खेला जा रहा है। अगर फाइनल चेन्नई जीतती है तो वह मुंबई इंडियंस की बराबरी कर लेगी। वहीं, अगर गुजरात जीतती है तो वह लगातार दूसरी बार फाइनल जीतने वाली तीसरी टीम होगी।

# जायसवाल डब्ल्यूटीसी फाइनल में शामिल



मुंबई । यशस्वी जायसवाल को सात जून से होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिये रुतुराज गायकवाड़ की जगह अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में भारतीय टीम में शामिल किया गया है।

गायकवाड़ तीन जून को शादी कर रहे हैं। उन्होंने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को सूचित किया था कि वह पांच जून से पहले लंदन के लिये रवाना नहीं हो सकेंगे। जायसवाल के पास इंग्लैंड का वीज़ा होने के कारण वह जल्द ही भारतीय टीम के साथ जुड़ेंगे।

जायसवाल हाल के दिनों में शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने आईपीएल 2023 में राजस्थान रॉयल्स के लिये 14 पारियों में पांच अर्धशतक और एक शतक के साथ 625 रन बनाये। उन्होंने अभी तक किसी भी प्रारूप में भारत के लिए पदार्पण नहीं किया है, लेकिन प्रथम श्रेणी में वह मात्र 15 मैचों में नौ शतक और दो अर्द्धशतक के साथ 80.21 की औसत से 1845 रन बना चुके हैं।

उन्होंने हाल ही में समाप्त हुई रणजी ट्रॉफी 2022–23 के पांच मैचों में 45.00 की औसत से 315 रन बनाये, जिसमें एक अर्धशतक और एक शतक शामिल रहा। जायसवाल ने मध्य प्रदेश के खिलाफ शेष भारत के लिये खेलते हुए ईरानी ट्रॉफी में 213 और 144 रन के स्कोर के साथ घरेलू सीजन का समापन किया। उन्होंने इसी के साथ एक ईरानी कप मैच में सर्वाधिक रन (357) बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया।भारतीय टीम के कुछ खिलाड़ी डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिये रवाना हो चुके हैं। विराट कोहली लंदन पहुंचने वाले पहले कुछ बैचों में से एक का हिस्सा थे। फाइनल सात से 11 जून के बीच लंदन के द ओवल मैदान पर खेला जाएगा। भारत 2021 में भी डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचा था, जहां उसे न्यूजीलैंड से हार मिली थी।

# फिल्मी सफर

# रणबीर कपूर नहीं होंगे किशोर कुमार की बायोपिक का हिस्सा, रणवीर सिंह के हाथ लगी फिल्म ?





किशोर कुमार की बायोपिक को लेकर काफी समय से खबरें सामने आ रही थीं। कुछ समय पहले रणबीर कपूर ने भी साफ कर दिया था वह पिछले 11 साल से इस बायोपिक पर काम कर रहे हैं। रणबीर का कहना था कि फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है और वह जल्द ही इस बायोपिक में नजर आएंगे। अब अभिनेता के एक बयान के बाद से माना जा रहा है कि उनकी जगह रणवीर सिंह ने ले ली है।

हाल ही में रणबीर ने एक बयान में कहा कि वह अपनी फिल्म एनिमल के बाद कुछ समय के लिए ब्रेक लेना चाहते हैं। अभिनेता का कहना है कि वह कुछ समय के लिए खुद को वक्त देना चाहते हैं और देखना चाहते हैं कि कोरोना वायरस के बाद इंडस्ट्री कितनी बदल गई है और वह आज कहां पर हैं। अभिनेता के इस बयान के बाद से फिल्म निर्माता नए सितारे को कास्ट करने के बारे में सोच रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, किशोर कुमार की बायोपिक के लिए अब फिल्म निर्माता रणवीर से संपर्क साध रहे हैं, लेकिन अनुराग बसु अभी भी रणबीर के साथ ही फिल्म बनाना चाहते हैं। ऐसे में अब अगस्त तक यह फैसला कर लिया जाएगा कि किस सितारे को फिल्म में कास्ट करना है क्योंकि मेकर्स 2023 के अंत तक फिल्म पर काम शुरू करना चाहते हैं। हालांकि, अभी फिल्म या सितारों को लेकर किसी भी तरह की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

रणबीर ने अपनी फिल्म तू झूठी मैं मक्कार के प्रमोशन के दौरान इस बायोपिक के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा था, मैं 11 साल से किशोर कुमार की बायोपिक पर काम कर रहा हूं। हम बसु के साथ फिल्म की कहानी लिख रहे हैं और मुझे लगता है कि यह मेरी अगली बायोपिक होगी। मैंने दादा (सौरव गांगुली) के ऊपर बन रही बायोपिक के बारे में भी कुछ नहीं सुना है। ऐसे में मैं ज्यादा कुछ नहीं जानता।

रणवीर जल्द ही आलिया भट्ट के साथ रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नजर आने वाले हैं, जो 28 जुलाई को रिलीज होगी।

## ऑटो की सवारी से घर पहुँची सारा अली खान, कहा गाड़ी नहीं आई

सारा अली खान इन दिनों अपनी अगली फिल्म जरा हटके जरा बचके के प्रमोशन में व्यस्त हैं। मुम्बई में फिल्म के प्रमोशन प्रोग्राम में शामिल होने के बाद घर लौटने के लिए सारा अली खान को ऑटो की सवारी लेनी पड़ी, क्योंकि उनकी गाड़ी नहीं आई थी। सारा अली खान का ऑटो की सवारी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। हालांकि ट्रोल्र्स ने उनके इस कदम को सस्ता पब्लिसिटी स्टंट बताया है। सैफ अली खान की बेटी सारा अली खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म जरा हटके जरा बचके को लेकर काफी चर्चा में बनी हुई हैं। इस फिल्म में सारा अली खान विक्की कौशल के साथ नजर आएंगी। इसी बीच सारा अली खआन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इसी वीडियो में सारा अली खान ऑटो की सवारी करती हुई नजर आ रही हैं। जब पैप्स ने इसको लेकर सारा अली खान से सवाल किया, तब एक्ट्रेस ने कहा गाड़ी नहीं आई।

# सिर्फ एक बंदा काफी है का जलवा, 200 मिलियन से ज्यादा व्यूइंग मिनट का बनाया रिकॉर्ड



मनोज बाजपेयी की फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई है। जी5 पर रिलीज हुए इस कोर्ट रूम ड्रामा को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। फिल्म में आसाराम बापू को सलाखों के पीछे पहुंचाने वाले वकील पूनम चंद सोलंकी की कहानी दिखाई गई है, जिसके किरदार में बाजपेयी नजर आए हैं। फिल्म को लोगों का प्यार मिल रहा है और इसी के चलते इसने 200 मिलियन से ज्यादा व्यूइंग मिनट का रिकॉर्ड बनाया है।23 मई को जी5 पर दस्तक दे चुकी फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है को 5 दिन में ही रिकॉर्ड तोड़ व्यूज मिल गए हैं। फिल्म को रिलीज से पहले जहां आसाराम के समर्थकों के विरोध का सामना करना पड़ा तो दर्शकों को यह काफी पसंद आ रही है। जी5 की ओर से ट्विटर पर पोस्ट साझा कर लिखा है, हमारा बंदा रुकने वाला नहीं है। इसे 200 मिलियन से भी ज्यादा व्यूइंग मिनट मिले हैं।

सिर्फ एक बंदा काफी है की कहानी वकील सोलंकी के इर्द–गिर्द घूमती है, जो नाबालिग रेप पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए अपनी पूरी जान लगा देते हैं। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे देश के सबसे प्रतिष्ठित वकीलों को मात देकर सोलंकी आसाराम को उम्रकैद की सजा दिलवाते हैं और इस दौरान उन्हें किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अपूर्व कार्की के निर्देशन में बनी फिल्म में बाजपेयी के अभिनय की भी जमकर तारीफ हो रही है।आसाराम ने निर्माताओं पर आरोप लगाया है कि इस फिल्म से उनकी छवि खराब होगी। ऐसे में आसाराम की ओर से निर्माताओं को कानूनी नोटिस भेजा गया था। अब राजस्थान हाई कोर्ट ने आसाराम की फिल्म पर रोक लगाने की मांग से इनकार कर दिया है। बता दें कि इस मामले पर सुनवाई 23 मई को ही हो गई थी, लेकिन कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था और 26 मई को न्यायमूर्ति पुष्पेंद्र सिंह भाटी ने फैसला सुनाया था।

# नागेश सर के साथ काम करना मेंरे करियर का सबसे अच्छा वक्त रहा : प्रिया बापट

शुक्रवार को स्ट्रीमिंग शो सिटी ऑफ ड्रीम्स के तीसरे सीजन में नजर आने वाली एक्ट्रेस प्रिया बापट ने शो के निर्देशक नागेश कुकुनूर की प्रशंसा करते हुए कहा कि बतौर एक्ट्रेस उनके साथ काम करने से उन पर गहरा प्रभाव पड़ा है। इस बारे में विस्तार से बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, मैं निश्चित रूप से मानती हूं कि एक एक्ट्रेस के रूप में नागेश सर का मुझ पर बहुत प्रभाव है।उनके साथ काम करना मेरे पूरे करियर की सबसे अच्छी बात है। यह खुद को खोजने जैसी प्रक्रिया है। वह आपको अपने भीतर छिपे प्रतिभा से मिलवाते है। इस सीजन में, ऐसे सीन्स थे जो एक नोट पर शुरू होते हैं और कहीं अप्रत्याशित रूप से समाप्त होते हैं। पात्रों के पास यूनिक ग्राफ हैं और यह पता लगाना सीखने का सबसे रोमांचक हिस्सा था।

उन्होंने आगे उल्लेख किया कि निर्देशक वह है जो यह सुनिश्चित करते है कि एक्टर अपना ए–गेम लेकर आएं। उन्हों कहा, आपको आश्वस्त किया जा सकता है कि आप सबसे अच्छे हाथों में हैं और किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा निर्देशित किया जा रहा है जो आपके काम का सही उपयोग करना जानते है। यह एक अद्भुत अनुभव रहा है।

कई बार अभिनेताओं को लगता है कि वे बहुत अच्छा कर रहे हैं लेकिन आप जो कर रहे हैं और जो ट्रांसलेट हो रहा हैं वह अलग हो सकता है। कैमरे में जो दिखता है वह अलग हो सकता है। नागेश सर हमेशा रिहर्सल की जांच करते हैं और मॉनिटर पर क्या है इसकी जांच करते हैं और उसी के अनुसार आपका मार्गदर्शन करते हैं।

इससे बेहतरीन अनुभव नहीं हो सकता। कुकुनूर मूवीज के सहयोग से अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित सिटी ऑफ ड्रीम्स का नया सीजन डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है।

# द केरल स्टोरी के आगे नहीं टिकी जोगीरा सारा रा रा, आईबी71 का हाल–बेहाल







बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों द केरल स्टोरी का जलवा देखने को मिल रहा है। फिल्म की रिलीज को 3 हफ्ते हो चुके हैं और यह अभी भी बाकी फिल्मों को कड़ी टक्कर दे रहे है। अब 26 मई को रिलीज हुई जोगीरा सारा रा रा को काफी तारीफ मिली है, लेकिन यह पहले दिन कमाई के मामले में कुछ खास कमाल नहीं कर पाई है। ऐसा ही हाल आईबी71 का है।

कॉमेडी और ड्रामा से भरपूर जोगीरा सारा रा रा में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ नेहा शर्मा मुख्य भूमिका में नजर आई हैं। फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। कुशान नदी के निर्देशन में बनी फिल्म एडवांस बुकिंग में दम तोड़ती नजर आई थी और अब ओपनिंग डे पर भी इसने धीमी शुरुआत की है।

रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने पहले दिन 40 लाख रुपये की कमाई की है।जोगीरा सारा रा रा लखनऊके जोगी (नवाज) की कहानी है, जो एक इवेंट कंपनी का मालिक है। जोगी अपने जुगाड़ के लिए मशहूर है और ऐसे में उसकी मुलाकात डिंपल (नेहा) से होती है, जो उसे अपनी शादी तुड़वाने का जिम्मा देती है। डिंपल की शादी तोडने़ में लगे जोगी के इर्द–गिर्द घूमती यह कहानी दर्शकों को कॉमेडी का बेहतरीन डोज देती है। इसमें संजय मिश्रा, मिमोह चक्रवर्ती, रोहित चौधरी और दिवंगत अभिनेत्री फारुख जफर भी नजर आई हैं।

अदा शर्मा अभिनीत द केरल स्टोरी ने 5 मई को सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। केरल की 3 लड़कियों के धर्म परिवर्तन की कहानी दिखाती इस फिल्म को पहले जहां विरोध का सामना करना पड़ा था तो रिलीज के बाद इसे काफी पसंद किया।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com